संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    ऊना, बुधवार, 27 सितंबर 2023 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विकास और विश्वेश्वरैया भवन का औचक निरीक्षण किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 12 अंकः 258 पृष्ठः 12    RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com    हिमाचल संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# पीएम ने 51 हजार युवाओं को दी नौकरी की सौगात

= रोजगार मेला युवाओं को सशक्त बनाने और देश के विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी को मजबूत करने का समर्पित प्रयासः मोदी

**नियुक्ति पत्र**

8 सरकार की नीति महिलाओं के लिए नए दरवाजे खोलने की है

8 युवाओं को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को रोजगार मेला में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 51000 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि रोजगार मेला युवाओं को सशक्त बनाने और देश के विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी को मजबूत करने के समर्पित प्रयास के रूप में सामने है। उन्होंने कहा कि नए संसद भवन से देश का नया भविष्य शुरू हुआ है। सरकार की नीति महिलाओं के लिए नए दरवाजे खोलने की है। प्रधानमंत्री ने नव नियुक्त युवाओं को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आप सभी ने कड़े परिश्रम से यह सफलता हासिल की है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज हमारा देश ऐतिहासिक उपलब्धियों और फैसलों का साक्षी बन रहा है। कुछ दिन पहले ही नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप में देश की आधी आबादी को बहुत बड़ी ताकत मिली है। 30 वर्ष से महिला आरक्षण का जो विषय लंबित था, वो अब रिकॉर्ड मतों के साथ दोनों सदन से पास हुआ है।

**नई जेनरेशन अपने काम में तकनीक का इस्तेमाल बढ़ाएः** देश ने तय किया है कि 2047 तक विकसित बनना है। अगले कुछ साल में हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनने वाले हैं। आप वो जेनरेशन हैं जो तकनीक के साथ बड़ी हुई है। आपको अपने काम में उस तकनीक का इस्तेमाल करना होगा।

**तकनीकी बदलावों से आसान हुए सरकारी कामः** तकनीकी बदलावों ने सरकारी काम को आसान बनाया है। पहले लोग रेलवे स्टेशन के बुकिंग काउंटर पर कतारों में खड़े होते थे।



## भारत की कूटनीति ने नई ऊंचाईयां छुईं : पीएम मोदी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि पिछले 30 दिनों में भारत की कूटनीति ने नई ऊंचाईयां छुई है। प्रधानमंत्री ने भारत मंडपम में जी 20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट फिनाले कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने भारत की जी 20 अध्यक्षता से जुड़ी चार पुस्तकों का भी विमोचन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने पिछले 30 दिनों का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया। भारत की पहल पर अफ्रीकन यूनियन के जी 20 का सदस्य बनने और भारत के चंद्रयान और सोलर मिशन का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा पिछले 30 दिन के घटनाक्रम पर एक नजर डालने से नए भारत की स्पीड और स्केल का पता चलता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के प्रयासों से 6 और देश ब्रिक्स समुदाय में शामिल हुए। उन्होंने कहा, "आप सभी को 23 अगस्त का दिन याद होगा। हर कोई इसके सफल होने के लिए प्रार्थना कर रहा था और फिर हर कोई खुशी से भर गया क्योंकि पूरी दुनिया ने हमारे देश की आवाज सुनी जब यह घोषणा की गई कि "भारत आगे बढ़ रहा है" द मून"।"

### 'सऊदी अरब भारत में 100 अरब डॉलर का करेगा निवेश'

"सऊदी अरब भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश करने जा रहा है। पिछले 30 दिनों में मैंने 85 विश्व नेताओं के साथ बैठकें की हैं।" मोदी ने कहा कि जी 20 के आयोजन को भारत ने जिस ऊंचाई पर पहुंचा दिया है, उसे देखकर दुनिया बहुत चकित है। लेकिन मैं बिल्कुल हैरान नहीं हूं। क्योंकि जिस कार्यक्रम को सफल बनाने का बीड़ा आप जैसे युवा विद्यार्थी उठा लेते हैं, तो फिर उसका सफल होना तय है।

भारत युवा शक्ति द्वारा संचालित सकारात्मक परिवर्तनों का गवाह बन रहा है। जी20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट फिनाले के दौरान ऊर्जावान युवाओं से जुड़कर खुशी हुई।

## दिल्ली में अब तक की सबसे बड़ी चोरी



जंगपुरा स्थित शोरूम से 20 से 25 करोड़ की ज्वैलरी चोरी | इसमें 5-7 लाख रुपये नगद रकम | दिल्ली के जंगपुरा में है उमराव सिंह ज्वैलर्स का शोरूम | छत के जरिए स्ट्रांग रूम तक पहुंचे | दीवार तोड़कर पूरे शोरूम पर हाथ साफ

# जंगपुरा के ज्वेलरी शोरूम से चोरों ने दीवार काटकर 25 करोड़ के जेवरात किए चोरी

**धरपकड़ जारी**

8 चोरों ने दीवार काटकर करीब 25 करोड़ रुपये के सोने व डायमंड के जेवरात चोरी कर लिए

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**देश की** राजधानी दिल्ली में अब तक सबसे बड़ी चोरी होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पॉश इलाके जंगपुरा में स्थित उमराव सिंह ज्वेलर्स के शोरूम में चोरों ने सेंध लगाकर वारदात को अंजाम दे दिया। चोरों ने दीवार काटकर करीब 25 करोड़ रुपये के सोने व डायमंड के जेवरात चोरी कर लिए। दिल्ली में अब तक की सबसे बड़ी चोरी होने से दिल्ली पुलिस समेत तमाम सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि चोर स्ट्रांग रूम की दीवार काटकर अंदर घुसे थे और वहां रखी सारी ज्वेलरी ले गए। निजामुद्दीन थाना पुलिस ने मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जंगपुरा में उमराव सिंह ज्वेलर्स शोरूम है। शोरूम के मालिक महावीर प्रसाद जैन ने बताया कि वह रविवार को देर शाम को शोरूम ठीक से बंद करके गए थे। जंगपुरा मार्केट सोमवार को बंद रहती है। वह मंगलवार सुबह शोरूम पर पहुंचे तो देखा कि शोरूम का दरवाजा खुला हुआ था। पूरा शोरूम खाली पड़ा था। चोरों ने शोरूम के सीसीटीवी कैमरे भी खराब कर दिए। पुलिस शोरूम के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। उन्होंने बताया कि वह रविवार को दुकान बंद करके गए थे और मंगलवार की सुबह जब दुकान खोली तो उन्हें पूरी दुकान में धूल दिखाई दी। पता लगाने पर पता चला कि चोरों ने स्ट्रांग रूम की दीवार को तोड़कर उसमें घुसे थे। मालिक का कहना है कि करीब 20-25 करोड़ की ज्वेलरी चोरी हुई है। इसमें 5-7 लाख रुपये नकद भी बताए जा रहे हैं। शोरूम के सभी कर्मचारी मंगलवार सुबह ड्यूटी पर आए थे। बताया जा रहा है कि चोर छत का ताला तोड़कर स्ट्रांग रूम तक पहुंचे थे। मौके पर स्थानीय थाना की पुलिस टीमें व पीसीआर की टीमें पहुंच गईं। साथ ही क्राइम टीम को और फॉरेंसिक टीम को जांच के लिए बुलाया गया।

**फास्ट न्यूज**

### जीएसटी परिषद की बैठक सात अक्टूबर को

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की अगली बैठक सात अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में होगी। केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले होने की संभावना है। जीएसटी परिषद ने एक्स पोस्ट पर दी जानकारी में बताया कि जीएसटी परिषद की 52वीं बैठक सात अक्टूबर, 2023 को राजधानी नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में होगी। इस बैठक में ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों पर लगने वाली जीएसटी दर सहित कई अहम मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। इससे पहले जीएसटी परिषद की 51वीं बैठक 2 अगस्त को संपन्न हुई थी। इस बैठक में कैसिनो, घुड़दौड़ और ऑनलाइन गेमिंग पर जीएसटी दरों को लेकर परिषद ने फैसला लिया था। इन तीन मदों पर जीएसटी की दर 28 फीसदी निर्धारित की गई थी। जीएसटी परिषद की बैठक में राज्यों के वित्त मंत्री भी शामिल थे।

### मणिपुर में जुलाई से लापता दो स्टूडेंट्स की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**

**मणिपुर** में जुलाई से लापता दो स्टूडेंट्स की हत्या कर दी गई है। दोनों के शव की फोटो सामने आई है। फोटो में दोनों की बॉडी जमीन पर पड़ी हुई नजर आ रही है। साथ ही लड़के का सिर कटा हुआ है। हालांकि दोनों के शव अभी तक नहीं मिले हैं। जुलाई में दोनों स्टूडेंट्स एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दिए थे, लेकिन उसके बाद से उनका पता नहीं चल सका है। मुख्यमंत्री ऑफिस के सूत्रों ने बताया- सरकार ने कहा है कि जो भी दोषी हैं, उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच सीबीआई कर रही है। लोगों से अपील की गई है कि मामले में संयम बरतें और जांच एजेंसियों को अपना काम करने दें। वहीं, मामले को लेकर इंफाल शहर में अन्य स्टूडेंट्स सड़क पर उतर गए और आंदोलन किया। सुरक्षाबलों ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। सूत्रों के मुताबिक, स्टूडेंट्स और सुरक्षाबलों के बीच हुई झड़प में 30 से ज्यादा स्टूडेंट्स घायल हो गए।

## एशियन गेम्सः भारत की घुड़सवारी ड्रेसेज टीम ने जीता स्वर्ण

**टीम एक्शन इंडिया/हांगझू**

**भारतीय** घुड़सवारी ड्रेसेज टीम ने मंगलवार को एशियाई खेल 2023 में भारत के लिए तीसरा स्वर्ण पदक जीता। यह एशियाड में घुड़सवारी ड्रेसेज में भारत का पहला पोडियम फिनिश है। हृदय छेदा, दिव्यकृति सिंह, अनुष अग्रवाल और सुदीप्ति हजेला की भारतीय मिश्रित टीम ने घुड़सवारी ड्रेसेज में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता। इस प्रतियोगिता में 41 साल बाद भारत ने स्वर्ण जीता है। भारत ने कुल 209.205 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि चीन ने 204.882 अंकों के साथ रजत पदक पर कब्जा किया, वहीं हांगकांग (चीन) ने 204.852 अंकों के साथ कांस्य पदक पर कब्जा किया। इससे पहले आज नौकायन में भारत ने एक रजत सहित कुल तीन पदक जीते। भारतीय महिला नाविक 17 वर्षीय नेहा ठाकुर ने जहां लड़कियों की डिंगी- आईएलसीए 4 श्रेणी में रजत पदक जीता, वहीं, विष्णु सरवनन ने पुरुषों की डिंगी आईएलसीए7 स्पर्धा में 34 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता, इसके बाद इबाद अली पुरुषों की विंडसर्फर आरएसःएक्स स्पर्धा में 52 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। बता दें कि भारत ने अब तक इन खेलों में14 पदक अपने नाम कर लिये हैं।

### 'भारत दुनिया के सबसे प्रतिस्पर्धी विमानन बाजारों में से एक'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**इंडिगो एयर**लाइन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे प्रतिस्पर्धी विमानन बाजारों में से एक है। पीटर एल्बर्स ने मंगलवार को यहां आयोजित अखिल भारतीय प्रबंधन संघ (एआईएमए) के सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारतीय बाजार में काफी प्रतिस्पर्धा है।

# आधार दुनिया की सबसे भरोसेमंद डिजिटल आईडी

## मूडीज की रिपोर्ट खारिज की, रेटिंग एजेंसी ने सुरक्षा-गोपनीयता पर सवाल उठाए थे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भारत** सरकार ने ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस की रिपोर्ट को खारिज करते हुए आधार कार्ड को दुनिया का सबसे भरोसेमंद डिजिटल पहचान पत्र बताया है। मूडीज इन्वेस्टर्स ने जारी की गई अपनी रिपोर्ट में आधार से जुड़ी लोगों की सुरक्षा और गोपनीयता पर चिंता जाहिर की थी। रिपोर्ट में मनरेगा योजना का संदर्भ देते हुए कहा गया कि भारत के गर्म और उमस भरे क्लाइमेट में आधार के बायोमेट्रिक सिस्टम पर भरोसा नहीं किया जा सकता। कभी-कभी यह सही तरीके से काम नहीं करता। जिससे मजदूरों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने प्रेस रिलीज जारी किया और मूडीज के दावे को आधारहीन बताया। सरकार ने कहा कि यह रिपोर्ट बिना किसी सबूत के आधार पर तैयार की गई है। भारत के 100 करोड़ से ज्यादा लोग इस पर भरोसा करते हैं।





### 'रिपोर्ट में आधार संख्या के आंकड़े गलत'

**इलेक्ट्रॉनिक्स** और आईटी मंत्रालय ने बताया कि मूडीज की रिपोर्ट में किसी तरह के डेटा या रिसर्च का हवाला नहीं दिया गया है। तथ्यों का पता लगाने का प्रयास भी नहीं किया गया। रिपोर्ट में एकमात्र संदर्भ यूनीक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट का है। वेबसाइट पर अब तक जारी किए गए आधार की संख्या दी गई है, जबकि रिपोर्ट में इनकी संख्या 120 करोड़ बताई गई है। यह आंकड़ा गलत है।

### फार्मा-मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने से जुड़ी योजना की शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केन्द्रीय मंत्री** डॉ मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को फार्मा-मेडटेक (फाइटोफार्मास्यूटिकल्स और चिकित्सा उपकरण) क्षेत्र में अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा (पीआरआईपी) योजना की शुरूआत की। योजना की शुरूआत के लिए मंगलवार को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अपने संबोधन में रसायन एवं उर्वरक मंत्री ने योजना की शुरूआत के बाद कहा, आज एक ऐतिहासिक दिन है, फार्मा और चिकित्सा उपकरण क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। हमें भारतीय फार्मा और मेडटेक क्षेत्रों को लागत-आधारित से मूल्य-आधारित और नवाचार-आधारित उद्योग में बदलने की जरूरत है। योजना का उद्देश्य पारंपरिक दवाओं और फाइटोफार्मास्यूटिकल्स और चिकित्सा उपकरणों में अनुसंधान एवं विकास को प्रोत्साहित करना है। योजना से जुड़ी राष्ट्रीय नीति में तीन प्रमुख क्षेत्रों पर स्वदेशी रूप से विकसित अत्याधुनिक उत्पादों और प्रौद्योगिकियों के माध्यम से अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने की आवश्यकता को स्वीकार किया गया है।

# वहीदा रहमान को मिलेगा प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के पुरस्कार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिग्गज** अभिनेत्री वहीदा रहमान को वर्ष 2022 के दादा साहब फाल्के पुरस्कार के लिए चुना गया है। भारतीय सिनेमा में उनके योगदान की सराहना करते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक एक्स पोस्ट में उन्हें सिनेमा जगत के सबसे प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की। उन्हें बधाई देते हुए और उनके काम के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वे भारतीय सिनेमा की अग्रणी महिलाओं में से एक हैं। उन्हें इस लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जाना उनके लिए एक "ट्रिब्यूट" सरीखा है। उन्हें यह सम्मान ऐसे समय में दिया जा रहा है जब ऐतिहासिक नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद द्वारा पारित किया गया है। उन्होंने फिल्मों के बाद अपना जीवन परोपकार और समाज की भलाई को समर्पित कर दिया है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा, वहीदा रहमान ने एक भारतीय नारी के समर्पण, प्रतिबद्धता और ताकत का उदाहरण दिया है, जो अपनी कड़ी मेहनत से पेशेवर उत्कृष्टता के उच्चतम स्तर को हासिल कर सकती है। उल्लेखनीय है कि वहीदा रहमान को हिंदी फिल्मों में उनकी भूमिकाओं के लिए समीक्षकों द्वारा सराहा गया है। उनकी प्रमुख फिल्में हैं : प्यासा, कागज के फूल, चौदहवीं का चांद, साहेब बीवी और गुलाम, गाइड, खामोशी। अपने 5 दशकों से अधिक के करियर में उन्होंने अपनी भूमिकाओं को बेहद खूबसूरती से निभाया है।



**सम्मान**

8 सिनेमा जगत के सबसे प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की

### ज्ञानवापीः नियमित पूजा की मांग पर सुनवाई दो हफ्ते के लिए टली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने ज्ञानवापी परिसर में स्थित मां श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा की मांग पर सुनवाई दो हफ्ते के लिए टाल दी है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश दिया। अंजुमन इंतजामियां कमेटी की तरफ से वकील हुजैफा अहमद ने कोर्ट से कहा कि सुप्रीम कोर्ट में इससे जुड़े दो और मामले लंबित हैं। ऐसे में तीनों मामलों की एक साथ सुनवाई की जाए।

## जम्मू-कश्मीरः एक आतंकी, 8 अंडर-ग्राउंड वर्कर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**

**जम्मू-कश्मीर के** बारामूला जिले में सुरक्षा बलों ने दो आतंकी मॉड्यूलों का पर्दाफाश किया। जिसमें एक ऑपरेशन में उन्होंने एक आतंकवादी और उसके 5 सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो महिलाएं हैं। वहीं दूसरे ऑपरेशन में पुलिस ने तीन आतंकी सहयोगियों को अरेस्ट किया। ये सभी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हैं। पुलिस ने इनके पास से आपत्तिजनक सामग्री, हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया। जांच में पता चला है कि आतंकी और उसके साथियों को पाकिस्तान में बैठे आतंकी सरगना निर्देश दे रहे थे। ये सभी सीमा पार से हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी करते थे। बारामूला में पुलिस को विश्वसनीय सूत्रों के माध्यम से पता चला कि एक व्यक्ति यासीन अहमद शाह बारामूला में अपने घर से लापता है।

**हथियार बरामद**

8 ऑपरेशन में पुलिस ने तीन आतंकी सहयोगियों को अरेस्ट किया। ये सभी आतंकी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हैं

**मसले का हल** हिन्द प्रशांत क्षेत्र (इंडो-पैसिफिक) में भारत शांति के साथ हर मसले का हल चाहता हैः मनोज पांडेय

# 'प्रशांत क्षेत्र में कुछ चुनौतियां, हम शांति से समाधान के पक्ष में'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**हिन्द प्रशांत** क्षेत्र (इंडो-पैसिफिक) में भारत शांति के साथ हर मसले का हल चाहता है। हम बल प्रयोग से बचने और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के पालन पर जोर देते हैं। हम सभी देशों की संप्रभुता और अखंडता को बनाए रखना चाहते हैं। दिल्ली में 13वें इंडो-पैसिफिक आर्मी चीफ्स कॉन्फ्रेंस में भारत के थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडेय ने मंगलवार को ये बाते कहीं। सेना और नेवी की यह दुनिया की सबसे बड़ी कांफ्रेंस है। मानेकशॉ सेंटर में 25 सितंबर से शुरू हुए इस कॉन्फ्रेंस में अमेरिका और कनाडा समेत 22 देशों के आर्मी चीफ 27 सितंबर तक रहेंगे। इंडो-पैसिफिक रिजन में चीन हमेशा से एकतरफा अधिकार जमाता रहा है। जनरल पांडेय ने चीन का नाम लिए बिना कहा- हम किसी भी तरह के विवाद का शांतिपूर्ण हल चाहते हैं। इसके लिए सभी देशों के बीच बातचीत होनी चाहिए। लड़ाई से इसका समाधान नहीं हो सकता। रिका के आर्मी चीफ जनरल रैंडी जॉर्ज ने कहा- दुनिया में युद्ध का तरीका बदल रहा है। कॉन्फ्रेंस में शामिल देशों के बीच सैन्य समेत हर स्तर पर सहयोग मजबूत करना होगा। एक-दूसरे के साथ विश्वास बढ़ाना होगा। हमारी एकता-प्रतिबद्धता से संबंध और गहरे होते चले जाएंगे।

**नेबरहुड फर्स्ट हमारी संस्कृतिः** इस सम्मेलन में मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, 'नेबरहुड फर्स्ट', प्राचीन काल से ही हमारी संस्कृति की आधारशिला रही है। भारत का दृष्टिकोण इस क्षेत्र को इसकी 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' द्वारा परिभाषित किया गया है।

मित्र देशों के साथ मजबूत सैन्य साझेदारी बनाने की दिशा में भारत के प्रयास न केवल हमारे अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने बल्कि हम सभी के सामने आने वाली महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।



**चर्चा**

8 दुनिया में युद्ध का तरीका बदल रहा है। देशों के बीच सैन्य समेत हर स्तर पर सहयोग मजबूत करना होगा

# मुख्यमंत्री ने विभाजन संग्रहालय का अवलोकन किया



**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**
**मुख्यमंत्री ठाकुर** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज अमृतसर में भारत पाकिस्तान बंटवारे की दुःखद स्मृतियों के प्रतीक विभाजन संग्रहालय पार्टीशन म्यूजियम का अवलोकन किया।मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि वर्ष 1947 में भारत के विभाजन से प्रभावित लोगों के दुःख और तकलीफ को शब्दों के माध्यम से व्यक्त करना अत्यन्त कठिन है। उन्होंने कहा कि ऐसी विनाशकारी स्मृतियों से उबरने के लिए राष्ट्रीय एकता और भाईचारे की भावना को और मजबूत किया जाना आवश्यक है।ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने संग्रहालय की स्थापना के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रयास युवा पीढि ?ों को सदैव आपस में मिलजुल कर रहने और अपनों के महत्व को समझने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। उन्होंने युवा पीढ़ी को इतिहास की समुचित जानकारी प्रदान करने पर भी बल दिया।उन्होंने संग्रहालय में प्रदर्शित दस्तावेजों और वस्तुओं में गहरी रुचि दिखाई और सारगर्भित जानकारी प्राप्त की।अमृतसर के ऐतिहासिक टाउन हॉल में वर्ष 2017 में स्थापित यह विभाजन संग्रहालय विश्व का ऐसा प्रथम संग्रहालय है जहां विभाजन की विभीषिका को दशार्ते दस्तावेज सहेज कर रखे गए हैं। इस संग्रहालय की स्थापना द आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज न्यास द्वारा पंजाब विरासत एवं पर्यटन प्रोत्साहन बोर्ड पंजाब हेरिटेज एंड टूरिज्म प्रमोशन बोर्ड की सहायता से की गई है।मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव भरत खेड़ा एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने जलियांवाला बाग में सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की



**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**
**मुख्यमंत्री ठाकुर** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को अमृतसर के जलियांवाला बाग में देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले असंख्य सेनानियों को कृतज्ञ प्रदेशवासियों की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि 13 अप्रैल, 1919 को जलियांवाला बाग में रॉलेट अधिनियम के विरोध में तथा स्वतंत्रता सेनानियों सैफुदीन किचलू और सत्यपाल की रिहाई के लिए शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे हजारों लोगों पर अंधाधुंध गोलियां बरसाने की तत्कालीन ब्रिटिश सरकार की नृशंस कार्यवाही के जख्म आज भी नहीं भरे हैं। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को ऐसे अमानवीय कृत्यों को सदैव स्मरण रखना होगा।मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर जलियांवाला बाग से जुड़ी प्रत्येक निशानी का सूक्ष्म अवलोकन भी किया।मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव भरत खेड़ा एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

## राज्यपाल ने किया शिपकी-लासैन्य पोस्ट का दौरा



**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**
**राज्यपाल शिव** प्रताप शुक्ल ने अपने तीन दिवसीय किन्नौर प्रवास के दौरान आज 13000 फ ीट से अधिक ऊंचाई पर शिपकी-ला स्थित सेना की चौकी और भारत तिब्बत सीमा बल की चौकी का दौरा किया। राज्यपाल का शिपकी-ला का यह पहला दौरा था। लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल भी उनके साथ थी। सेना के अधिकारियों ने राज्यपाल को सीमा से सम्बंधित व्यवस्था से अवगत करवाया। राज्यपाल ने कहा कि वह यहां तैनात जवानों के उत्साह से प्रभावित हुए हैं। यहां जवान कठिन परिस्थितियों में देश की सुरक्षा में समर्पित रहते हैं। उन्होंने कहा कि देश के हर कोने से जवान यहां तैनात हैं, जिनका एक ही धर्म है देश की सुरक्षा। इन वीर सैनिकों के कारण ही हम सुरक्षित हैं। उन्होंने इन्हें देश का सुरक्षा चक्र कहा और प्रसन्नता व्यक्त की कि उन्हें इन जवानों के साथ समय व्यतीत करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

## मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना से स्वरोजगार शुरू कर स्वाति बनी मिसाल



**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
**हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा** क्रियान्वित मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना प्रदेश के बेरोजगार युवाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। प्रदेश के हजारों युवा इस योजना से सफ ल स्वरोजगारी या उद्यमी बन कर अपना सपना साकार कर रहे हैं। मंडी जिला के सुन्दरनगर की स्वाति पठानिया भी स्वरोजगार शुरू करने का सपना बुना और इस सपने को साकार किया मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना ने। आज ड्राई क्लीन और लॉन्ड्री में कार्य करने वाली मशहूर टम्बल ड्राई कंपनी की फैंचाइजी लेकर स्वाती पठानिया हर महीने 70 हजार से एक लाख रुपये कमा रही हैं।वर्ष 2018 में सिविल इंजनियरिंग में डिप्लोमा और बीटेक करने के बाद कुछ समय के लिए स्वाति बरमाणा में निजी बैंक में 21000 रुपये मासिक की नौकरी तो कर ली। लेकिन उनका मन अपना स्वरोजगार करने का था। इसलिए उन्होंने कुछ समय बाद यह नौकरी छोड़ दी। लेकिन स्वरोजगार के लिए धन की कमी के उनका यह सपना पूरा नहीं कर पा रही थी। इस बीच उन्हें उद्योग विभाग के अधिकारियों से बेरोजगार युवाओं के लिए स्वरोजगार या उद्यम शुरू करने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के बारे में पता चला। इसके बाद उन्होंने टम्बल ड्राई कम्पनी से सम्पर्क कर उपकरण और मशीनरी स्थापित करने के लिए प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की तथा इस योजना से लोन लेने के लिए अप्लाई किया। प्रोजैक्ट रिपोर्ट स्वीकृत होने पर स्वाति पठानिया को बैंक से पिछले वर्ष 29 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हो गया। बैंक से ऋण मिलते ही स्वाति पठानिया ने मंडी शहर के बीचों बीच एक दुकान किराए पर ली और ड्राई क्लीन और लॉन्ड्री की आधुनिक मशीने स्थापित कर कार्य करना शुरू कर दिया। ग्राहकों को बेहतरीन सुविधाएं देने के कारण उनका ड्राई क्लीन और लॉन्ड्री का कार्य दिन दुगनी रात चौगनी से बढने लगा। आज स्वाति हर महीने 70 हजार से एक लाख रुपये तक कमा रही है और इसके अतिरिक्त उन्होंने छह लोगो को रोजगार भी दे रखा है।

## अब सिलेंडर की डिलीवरी पर देना होगा डीएसी नंबर

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/ राजन पुरी। इंडियन ऑयल** कॉर्पोरेशन के निदेर्शानुसार गैस उपभोक्ताओं के लिए नए नियम लागू कर दिए गए हैं। अब गैस का डिलीवरी लेने से पहले आपका मोबाइल ऑन होना चाहिए और मोबाइल के साथ-साथ आपको एक नया यूनिक नंबर डिलीवरी बॉय को देना होगा। कमल गैस एजेंसी ऊना के मैनेजर बलबीर सिंह ने बताया कि अब उपभोक्ताओं को सिलेंडर प्राप्त करते समय डीएसी (डिलीवरी एथंटिकेटिड कोड) नंबर देना अनिवार्य कर दिया है। यह कदम सिलेंडर के कालाबाजारी को रोकने के लिए उठाया गया है।

## दुर्लभ फर्न तस्करी करने वाले से वसूले 83 हजार रुपए



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
सिरमौर जिला के उपमंडल मुख्यालय संगड़ाह मे वन विभाग की टीम ने वन परिक्षेत्राधिकारी विद्यासागर के नेतृत्व में पॉलीस्टिचम स्क्वैरोसम दुर्लभ फ र्न की तस्करी के लिए इस्तेमाल की जा रही पिकअप एचपी-79 1436 को कब्जे में लिया। गत रात्रि 1050 किलोग्राम दुर्लभ घास अथवा फर्न लेकर जा रही इस गाड़ी में मौजूद इसी क्षेत्र के भलाड़ गांव के जागर सिंह नामक शख्स से 83,105 रू जुमार्ना वसूले जाने के बाद को पिकअप को छोड़ा गया। डीएफ ओ रेणुकाजी उर्वशी ठाकुर ने बताया किए क्षेत्र के देवदार व बान बान आदि के जंगलों में पेड़ पौधों के अलावा दुलर्भ वनस्पतियों की सुरक्षा के लिए भी विभाग द्वारा रात के समय नाके लगाए जाते हैं। जानकारी के अनुसार फू लों के बुके अथवा गुलदस्ते की पैकिंग के लिए दिल्ली व चंडीगढ़ जैसे शहरों में बिरना नामक इस सदाबहार फर्न की तस्करी की जाती है। क्षेत्रवासी हिमाचल सरकार से भांग की खेती की तरह इसे बेचने की अनुमति की मांग भी कर रहे हैं। गौर हो कि त्योहारों और शादी के मौसम को ध्यान में रखते हुए बाजारों में फ र्न की मांग अधिक है और फ र्न के अवैध संग्रह और तस्करी पर अंकुश लगाया जा रहा है। डीएफ ओ रेणुका उर्वशी ठाकुर ने क्षेत्रीय अधिकारियों का एक विशेष दल गठित किया। उन्होंने कहा कि वन परिक्षेत्र संगड़ाह की एक विशेष टीम ने फ र्न से लदी एक पिकउप जिसका गाड़ी नम्बर एचपी 79-1436 है को गत मध्यरात्रि को फ र्न से लदी गाड़ी जब्त की गई।टीम ने भल्लाड की ओर से आ रही फ र्न से लदी एक पिकउप को निरक्षण के लिए रोककर तलाशी ली जिसमे लगभग 1050 किलोग्राम जंगली फ र्न बरामद की जिसे भल्लाड निवासी जागर सिंह पुत्र जालम सिंह चला रहा था।

## जिला स्तरीय नार्को समन्वय केंद्र की बैठक का आयोजन, उपायुक्त ने की अध्यक्षता



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा**
उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी की अध्यक्षता में गत दिवस को नार्को समन्वय केंद्र के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि जिला में बढ़ते नशे के चलन पर रोक लगाने के उदेश्य से सभी विभागीय अधिकारी एवं हितधारक आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करें। बैठक में ड्रग-तस्करी से संबंधित मुद्दों और उनके समाधान पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी के बारे में खुफि या जानकारी प्रदान करने के लिए ड्रग फ्र ी हिमाचल नामक एप भी शुरू की गई है जिस पर कोई भी व्यक्ति कहीं से भी नशे की सप्लाई और कारोबार के बारे में पुलिस को गुप्त सूचना दे सकता है। उन्होंने कहा कि एप के माध्यम से सूचना देने वाले का नाम, मोबाइल नंबर और आईपी एड्रेस का पुलिस को भी पता नहीं चल पाता। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त नशे की जानकारी प्रदान करने के लिए टोल फ्र ी नंबर 9459100100, 1908 या 112 पर भी संपर्क कर सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि सभी संबंधित विभागीय अधिकारी जिला में पोस्त एवं भांग की फसल की अवैध खेती की निगरानी के संदर्भ में भी उचित कदम उठाएं। यदि जिला में कहीं पर भी नशीले पदार्थों की खेती की जा रही है तो उसे तुरंत प्रभाव से नष्ट करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्कूल एवं कॉलेजों में नशे के खिलाफ जागरूकता शिविरों का भी आयोजन करने तथा नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवदीप,उपमंडल दण्डाधिकारी शिमला शहरी भानु गुप्ता सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## अप्पर देहलां में सास-बहू पर ईंट से हमला

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। थाना मैहतपुर** के तहत अप्पर देहलां में सास-बहू पर ईंट से हमला हुआ है। हमले में दोनों को चोटें पहुंची है। घायलों को स्थानीय अस्पताल में मेडिकल व उपचार करवाया गया। वहीं पुलिस ने सास की शिकायत के आधार पर गांव के ही दो व्यक्तियों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। पुलिस को दी शिकायत में जसविंद्र कौर निवासी अप्पर देहलां ने बताया कि गांव के ही कुलदीप सिंह व दर्शन सिंह ने घर में आकर बिना किसी कारण मारपीट करनी शुरू कर दी। जब बीच बचाव करने बहू आई, तो दोनों ने ईंटों से हमला कर दिया। हमले में सास व बहु जख्मी हुई है।

## तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए डलहौजी पब्लिक स्कूल में कार्यशाला आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
**तंबाकू के** दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय टांडा के सेंटर फॉर एडवांसिंग टोबैको कंट्रो कैच के तत्वावधान में डलहौजी में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डलहौजी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया।कैच परियोजना की परियोजना स्वयंवक डॉ. साक्षी प्रतिभागियो को कैच परियोजना के तहत की जा रही गतिविधियों और प्रेजेंटेशन के माध्यम से मार्केट में आए ने तंबाकू पदार्थ के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। कार्यशाला में कैच परियोजना की जिला समन्वयक डॉ. ऐश्वर्या ने तंबाकू नियंत्रण नियमों, तंबाकू से होने वाली गंभीर बीमारियां और तंबाकू नियंत्रण के बारे में विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों को दी। उन्होंने तंबाकू जैसे नशीले पदार्थों का उपयोग न करने के लिए आमजन को भी प्रेरित करने का भी आह्वान किया। कार्यशाला के अंत मे प्रतिभागियों ने तंबाकू मुक्ति की शपथ भी ग्रहण करवाई गई।

## अनुराग ठाकुर ने 9वें रोजगार मेला में वितरित किए नियुक्ति पत्र




**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा**
केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने गत दिवस को गेयटी थिएटर में आयोजित 9वें रोजगार मेला के अवसर पर 110 नवनियुक्त अभ्यर्थियों को सरकारी विभागों में नियुक्ति पत्र वितरित किए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि रोजगार मेला को सर्वोच्च प्राथमिकता देना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी और सर्वस्पर्शी सोच का निर्णय है और इससे युवा वर्ग को सकारात्मक दिशा प्रदान होगी और वह आत्मनिर्भर बन सकेंगे। उन्होंने कहा कि आज का रोजगार मेला देशभर में 46 स्थानों पर आयोजित किया गया जिसमें 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गये। उन्होंने कहा कि इसी के तहत देवभूमि हिमाचल 708 चयनित युवाओं में से 110 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करने का सौभाग्य उन्हें मिला।उन्होंने बताया कि भारतीय अर्थव्यवस्था को कोविड काल के बाद विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था में आंका गया है और वैश्विक प्रतिस्पर्धा एवं चुनौतियां की दिशा में भारत का नेतृत्व कारगर कदम उठा रहा है। यह मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। रोजगार मेला आगे रोजगार सृजन में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा तथा युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा।उन्होंने बताया कि युवा वर्ग को सूचना प्रौद्योगिकी की ओर आकर्षित करने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा अंतरिक्ष सेक्टर में स्टार्टअप योजना को आमंत्रित किया है और इस दिशा में सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने नव नियुक्त अभ्यर्थियों को सेवा भाव से कार्य करने का संदेश दिया ताकि वह राष्ट्रीय निर्माण में अपना पूर्ण योगदान दे सकें।

**महिला आरक्षण विधेयक बनाएगा महिलाओं को सशक्त**
केंद्रीय मंत्री ने बताया कि महिला सशक्तिकरण की ओर सार्थक कदम उठाते हुए केंद्रीय सरकार ने महिलाओं के लिए महिला आरक्षण विधेयक पारित कर 33 प्रतिशत आरक्षण दिया है जिससे महिलाओं को सशक्त बनाया जाएगा। इस अवसर पर शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप, राज्यसभा सांसद प्रोफेसर सिकंदर कुमार, पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज, राज्य डाक सेवा के अध्यक्ष बिशन सिंह अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## उपायुक्त शिमला ने पोषण जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी




**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**
**उपायुक्त शिमला** आदित्य नेगी ने आज पोषण माह के अंतर्गत शिमला में आयोजित जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का आयोजन सीटीओ चौक से शुरू होकर शेर-ए-पंजाब तक किया गया। रैली में स्कूली छात्रों एवं आंगनवाड़ी कार्यकताओं ने सही पोषण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं, संतुलित आहार खाना है कुपोषण दूर भगाना है, सही पोषण देश रोशन जैसे नारो से लोगों को जागरूक किया। उपायुक्त ने कहा कि रैली में लगभग 300 आंगनवाड़ी कार्यकताओं एवं 200 स्थानीय स्कूली छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया है। रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों को सही पोषण के प्रति जागरूक करना है ताकि सही पोषण-देश रोशन के उद्देश्य की पूर्ति हो सके। उन्होंने कहा कि पोषण माह का आयोजन 01 से 30 सितम्बर, 2023 तक किया जा रहा है जिसके अंतर्गत स्थानीय स्तर पर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

## विधानसभा में आपदा के प्रस्ताव पर विपक्ष का विरोध दुर्भाग्यपूर्ण



**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**
**हिमाचल प्रदेश** विधानसभा में मानसून सत्र खत्म हो गया इस दौरान विपक्ष लगातार प्रदेश सरकार पर हमलावर रहा और सत्र के आखिरी दिन विपक्ष की ओर से सरकार की नीतियों और 9 महीने के कार्यकाल के विरोध में प्रदर्शन भी किया गया। इसके बाद अब मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने भाजपा पर पलटवार किया है।
नरेश चौहान ने विधानसभा में ले गए आपदा पर प्रस्ताव पर विपक्ष के सहयोग न करने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है
मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने कहा कि प्रदेश जब आपदा से जूझ रहा था तो विपक्ष के बड़े नेता लगातार स्पेशल सेशन बुलाने की मांग करते रहे। ऐसे में जब सेशन में प्रदेश की आपदा और केंद्र से मदद लेने के लिए प्रस्ताव लाया गया तो विपक्ष के नेताओं ने इसका विरोध किया जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके अलावा भाजपा के विरोध प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने कहा कि भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ नेता शांता कुमार नेए नीति आयोग की ओर से और वर्ल्ड बैंक के डायरेक्टर ने मुख्यमंत्री सुक्खू की आपदा के दौरान किए गए कार्यों के लिए तारीफ की मगर नेता विपक्ष और भाजपा के नेता न जाने किस चश्मे से सरकार के कार्यकाल को देख रहे हैं

**नरेश चौहान, प्रधान मीडिया सलाहकार मुख्यमंत्री हिमाचल**
वहीं नॉर्दर्न काउंसिल की बैठक में हिस्सा लेने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अमृतसर पहुंचे हैं। इस बारे में जानकारी देते हुए नरेश चौहान ने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री इसकी अध्यक्षता कर रहे हैं और उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि भी इस महीसा लेने पहुंचे हैं ऐसे में दूसरे राज्यों के साथ सीमा और जल संबंधी समस्याओं को निपटने में इस बैठक में चर्चा होगी और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह हिमाचल का पक्ष रखने के लिए वहां पर मौजूद है।

# वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम से बढ़ेगी विकास की रफ्तार: राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर/ अनिल**

**राज्यपाल शिव प्रताप** शुक्ल ने सोमवार सांय वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत किन्नौर जिला के नाको व लियो गांव का दौरा किया और ग्रामीणों से बातचीत की। इस अवसर पर लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल भी उनके साथ उपस्थित थी। राज्यपाल ने लियो गांव में कहा कि किन्नौर जिला के 55 गांव वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम में शामिल किए गए हैं। इन गांवों में विकास को गति देने के लिये विभिन्न योजनाएं कार्यान्वित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों प्राकृतिक आपदा के कारण उन्हें वाइब्रेंट विलेज का दौरा रद्द



करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों की सडक संबंधी मांगों को हल करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। नौतोड़ और एफ आरए मामलों को उचित स्तर पर बातचीत कर हल करने का प्रयास किया जाएगा ताकि लोगों को सुविधा मिल सके।इससे पूर्व, राज्यपाल ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत फुलसुम खण्डी व निरूप स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।उपायुक्त किन्नौर तोरूल एस. रवीश ने राज्यपाल का स्वागत किया तथा इन क्षेत्रों में विभिन्न विकास कार्यक्रमों और गतिविधियों की जानकारी दी।लियो ग्राम पंचायत के प्रधान नमग्युल कुमार ने राज्यपाल का स्वागत किया तथा उन्हें स्थानीय लोगों की समस्याओं से अवगत करवाया। राज्यपाल ने नाको गांव का दौरा भी किया और लोगों से बातचीत की तथा उनकी समस्याएं भी सुनीं। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी यहां के लोगों का संस्कृति से अटूट संबंध है। उन्होंने कहा कि वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत सीमावर्ती गावों का विकास सुनिश्चित किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री ने दुर्गियाना मंदिर में की पूजा-अर्चना



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**मुख्यमंत्री ठाकुर सुख**विंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को पंजाब के सीमांत जिला अमृतसर के सुप्रसिद्ध एवं जन-जन की आस्था के प्रतीक दुर्गियाना मंदिर में प्रदेशवासियों के उज्जवल भविष्य, सुख और समृद्धि की कामना की।मां दुर्गा को समर्पित यह मंदिर देश-विदेश के भक्तों की आस्था का प्रतीक है।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय जीवन पद्धति में मां का स्थान सर्वोच्च है और मां के प्रति समर्पण, सफ लता एवं आरोग्य की कुंजी है।मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव भरत खेड़ा एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

# शीतोष्ण बांस, नेपियर व वेटिवर घास से पहाड़ो की रानी शिमला में मजबूत बनेगी मिट्टी की पकड़

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मननीष**

**पहाड़ों की** रानी शिमला में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में शीतोष्ण बांस के पौधे और जल्द उगने वाले नेपियर एवं वेटिवर घास को रोपकर मिट्टी की पकड़ को मजबूत बनाने की कवायद शुरू कर दी है। इसके लिए डॉ. वाईएस परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विवि नौणी ने नगर निगम शिमला की मांग पर शहर में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में शीतोष्ण बांस के एक हजार पौधे जबकि जल्द उगने वाले नेपियर व वेटिवर घास के 10 हजार गुच्छे भेजे गए हैं। आगे भी मांग के अनुसार इस तरह का क्रम जारी रहेगा। जुलाई-अगस्त माह में भारी बारिश के कारण शिमला शहर के कई क्षेत्रों में भूस्खलन होने से घरों को काफ ी नुकसान हुआ था। इसलिए नगर निगम इन क्षेत्रों में शीतोष्ण बांस के पौधों व जल्दी उगने वाली घास को रोपित करने में जुट गया है। शिमला नगर निगम ने नौणी विवि से भूस्खलन जोन और अन्य संभावित खतरे वाले स्थानों पर मिट्टी की सतह को मजबूत करने के लिए पौधों की मांग की थी। डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्विद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजेश्वर सिंह चंदेल ने बताया कि नगर निगम शिमला ने नौणी विवि से भूस्खलन जोन और अन्य संभावित खतरे वाले स्थानों पर मिट्टी की सतह को मजबूत करने के लिए पौधों की मांग की थीएजिस आधार पर उन्हें शीतोष्ण बांस, नेपियर व वेटिवर घास उपलब्ध करवाया गया है।

# डीएवी बरमाना ने अमृत कलश में माटी डालकर सुनिश्चित की अपनी भागीदारी

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

मेरी माटी मेरा देश अभियान की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए डीएवी बरमाना में वीर शहीदों को नमन करते हुए घर-घर की माटी को अमृत कलश में संग्रहित करके अमृत वाटिका के निर्माण कार्य में सहयोग देने के लिए एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। देश की माटी के प्रति प्रेम भाव व सम्मान को प्रकट करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य सुनील गांगटा व मुख्य अतिथि के रूप में विशाल जगोता सीनियर टूनार्मेंट कमेटी बीसीसीआई और उनके अन्य समिति सदस्यों ने शहीद जवानों को पुष्प श्रद्धांजलि व अमृत कलश में माटी अर्पित करते हुए उनके प्रति सम्मान को प्रकट किया। इस



अभियान को चिरतार्थ करने के लिए विद्यालय के प्रत्येक जन ने अमृत कलश में माटी डालकर व नमन करके अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। इसने न केवल सभी के दिलों में देशभक्ति की भावना को अत्यधिक तीव्र किया, बल्कि इस उद्देश्य के प्रति अपनेपन के भाव को जागृत किया। तत्पश्चात स्कूल के हेड बॉय के द्वारा वीर शहीदों के बलिदान व देश की स्वच्छता व अखंडता को बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। अंत में मुख्य अतिथि के प्रेरणा भरे शब्दों ने छात्रों के मन में देश प्रेम, सम्मान, प्राचीन धरोहर के प्रति प्रेम व संस्कृति को सुरक्षित रखने की एक नई उमंग जागृत की। उन्होंने अपने जीवन के विभिन्न पहलुओं को व्यक्त करते हुए छात्रों को भविष्य में महान ऊंचाइयों को हासिल करने के लिए प्रेरित किया। भारत माता के जय घोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# पांवटा साहिब पुलिस ने शराब सहित व्यक्ति किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/ एसपी जैरथ। जिला** सिरमौर के उपमंडल पांवटा साहिब में पुलिस ने अवैध शराब सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नसीम खान पुत्र जमील मोहम्मद निवासी गांव अमरकोट के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस की टीम गोंदपुर में गश्त पर तैनात थी।इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि एक व्यक्ति घर में अवैध शराब का कारोबार करता है।

# प्रदेश के हर जिला में आयोजित होंगे टूरिज्म फेस्टिवल: आरएस बाली

## प्रदेश में पर्यटन की 99 प्रतिशत गतिविधियां हो चुकी है शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**हिमाचल प्रदेश** पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश में पर्यटन को बढ़वा देने के उदेश्य से हर जिला में पर्यटन उत्सव आयोजित किए जायेंगे। उन्होंने कहा की जिला पर्यटन विकास अधिकारी द्वारा अपने जिला से सम्बंधित थीम को तैयार किया जाएगा जिसपर आधारित उस जिला के पर्यटन उत्सव को मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि टूरिज्म फेस्टिवल में स्कूलए कॉलेज के छात्र एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी



इसमें शामिल किया जाएगा। हर जिला के फेस्टिवल में विभिन्न प्रकार की गतिविधिया एवं प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएँगी जिसके माध्यम से प्रदेश में पर्यटन को बढ़वा दिया जायेंगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रदेश में पर्यटन को बढ़वा देने के उदेश्य से हर प्रकार से गंभीर एवं सजग है। पिछले दिनों प्रदेश में भारी बारिश एवं आपदा ने पर्यटन को सब से अधिक प्रभावित किया है। पर्यटन से जुड़े हुए हर व्यक्ति को किसी न किसी प्रकार से क्षति हुई है। प्रदेश सरकार ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए 60 घंटे के भीतर लगभग सभी फसे हुए सैलानियों को सुरक्षित निकाला। इसके पश्चात सरकार ने सभी अवरुद्ध मार्गो को खोलने का कार्य किया। आज हिमाचल प्रदेश में पर्यटन की 99 प्रतिशत गतिविधियां पूरी तरह से सुचारु है।उन्होंने कहा कि पर्यटान का हमारी अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान रहता है। इसी दृष्टि से निगम ने प्रदेश के हर जिला में पर्यटन उत्सव आयोजित करवाने का फैसला लिया है ताकि प्रदेश में पर्यटन को बढ़वा मिलने से जहाँ हमारी अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होंगी, वहीं इस कारोबार से जुड़े लोगों की आर्थिकी में भी सुधार होगा। उन्होंने कहा कि आपदा के उपरांत प्रदेश के 99 प्रतिशत जगहों पर पर्यटन को सुचारू किया जा चुका है।

**जुन्गा में 12 से 15 अक्टूबर तक आयोजित होगा शिमला फ्लाइंग फेस्ट**

उन्होंने कहा कि पर्यटन उत्सव की इस प्रथम कड़ी में 12 से 15 अक्टूबर, 2023 तक जुन्गा में शिमला फ्लाइंग फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिमला फ्लाइंग फेस्टिवल के आयोजन के लिए पर्यटन निगम ने 10 लाख रुपए की राशि जारी की है।

शिमला फ्लाइंग फेस्ट में दुनियाभर के प्रतिभागी अपने प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता एक्यूरेसी पर आधारित रहेगीए जो जुन्गा में पहली दफ ा आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि फेस्टिवल में पैराग्लाइडिंग की सोलो एवं टेंडम फ्लाइट चलेंगी जिसमें सोलो में एक प्रतिभागी तथा टेंडम में दो प्रतिभागी हिस्सा लेंगे।

# कबड्डी में बसदेहड़ा ने मेजबान धमांदरी को हराया

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धमांदरी में चल रही चार दिवसीय महिला वर्ग की अंडर-14 जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन भी विभिन्न खेलों के जबरदस्त मुकाबले हुए। जानकारी देते हुए शारीरिक शिक्षक अजय मनकोटिया ने बताया कि लीग के आधार पर हो रहे वालीबाल के मुकाबलों में हरोली की टीम ने शानदार पारी खेलते हुए धुंधला की टीम को हराया। चलेट की टीम ने गोंदपुर बुल्ला को, मवा सिंधिया ने कोटला कलां को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। कबड्डी के हुए मुकाबलों में बसदेहड़ा टीम ने धमांदरी की हराया। टकारला की टीम ने चलेट को व थानाकलां की टीम ने गुरपलाह की टीम को हराया। खो-खो के हुए मुकाबलों में कांगड़ ने नंगल जरियाला को 7-2 स्कोर के अंतर से हराया। जखेड़ा की टीम ने मिडल स्कूल लठियाणी को, नंगड़ा की टीम ने अंबेहड़ा की टीम को, बेहड़ जसवां की टीम ने जखेड़ा की टीम को हराकर मैच अपने नाम किए। हॉकी के हुए मुकाबलों में कन्या विद्यालय संतोषगढ की टीम ने 3-0 के अंतर से गोंदपुर बनेहड़ा की टीम को हराकर मैच अपने नाम किया। हैंडबाल के हुए मुकाबलों में सलोह की टीम ने बाथू की टीम को हुए जबरदस्त मुकाबले में 10-8 स्कोर के अंतर से हराया। भदसाली की टीम को चताड़ा की टीम को 3-2 के अंतर से हराकर मैच अपने नाम किया।

# महिला मंडल संगना ने छेड़ा सफाई अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**सिरमौर भाजपा** के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान करते हुए बताया कि उन्होंने आज स्वच्छ भारत अभियान के तहत महिला मंडल संगना की महिलाओं के साथ अपने गांव में सफ ाई अभियान चलाया। जिसमें गांव की दर्जनों महिलाओं ने भाग लिया।रावत ने बताया कि महिला मंडल संगना की महिलाएं हर रविवार को अपने गांव की सफ ाई करेगी ताकि अपने गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। इस मौके पर उनके साथ महिला मंडल प्रधान सीमा ठाकुर एवं महिला मंडल सचिव मनीषा



ठाकुर भी उपस्थित थी।महिला मंडल प्रधान सीमा ठाकुर एवं सचिव मनीषा ठाकुर ने बताया कि हमारे महिला मंडल को आज तक सरकार से किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं मिली है जबकि हमारा महिला मंडल समय-समय पर सामाजिक गतिविधियां करता रहता है। इन्होंने जिला प्रशासन एवं सरकार से मांग करते हुए बताया कि जिला प्रशासन एवं सरकार को हमारी गतिविधियां देखकर हमारी आर्थिक रूप से मदद करनी चाहिए। इन्होंने बताया कि भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने हमारे महिला मंडल को भवन बनाने के लिए सांसद निधि से तीन लाख रुपए की राशि स्वीकृत करवाई थी इसके लिए हम उनका तथा सांसद का विशेष आभार प्रकट करते है।

# 'आपदा में मोदी जी ने बिना देर किए की हिमाचल की मदद'

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**केंद्रीय सूचना** प्रसारण एवं खेल व युवा कार्यक्रम मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने शिमला में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि प्राकृतिक आपदा के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिना देर किए हिमाचल की मदद की, मगर प्रदेश जानना चाहता है कि राज्य की कांग्रेस सरकार ने क्या किया। अनुराग ठाकुर ने कहा जितना लगाव उन्हें है, उतना ही प्रधानमंत्री मोदी को हिमाचल से है। मोदी इंतजार बिना किए चार चार किश्तें हिमाचल को दीं। अगर उस समय में देखें तो पहले टीम भेजने में ही महीनों लग जाते थे



लेकिन ऐसी परिस्थिति में भी केंद्र ने ह्यूमेन टीम भी फ ौरन पहुंचाई, एनडीआरएफ और एयर फोर्स की टीमें भी पहुँचाई। एक बार पाँच हजार और एक बार छह हजार मकान दिये। इसके अनुपात में राज्य सरकार का जो बनता था, क्या किसी को पता है उन्होंने कितना पैसा लगाया? प्रदेश भी ये जवाब चाहता है कि हिमाचल सरकार ने क्या दिया?केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर शिमला में मीडिया के प्रश्नों का उत्तर दे रहे थे। नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर आगे बोलते हुए श्री ठाकुर ने कहा कि दिखावे के लिए कांग्रेस भी बिल लेकर आयी थी लेकिन पास नहीं करवाया।उन्होंने कहा की वे आभारी हैं प्रधान मंत्री मोदी के जिन्होंने बिल लाने का साहस किया, संकल्प लिया और सिद्धि तक लेकर आए। नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास कराया जो 27 वर्षों से नहीं हुआ था। इसीलिए कहते हैं मोदी है तो मुमकिन है। कांग्रेस और उसके सहयोगी कभी 2024 की बात करके, कभी ओबीसी की बात करके मामले को भटकाना चाहते हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि ये देश संविधान से चलेगा,न की गांधी परिवार की पर्ची से।

यह देश बाबसाहब भीमराव अंबेडकर के संविधान से चलता है। उन बाबसाहब को जिन्हें कांग्रेस ने बाहर कर दिया और नेहरू ने हराने के लिए पूरी ताकत लगा दी। संविधान में ओबीसी का आरक्षण कहाँ से आ गया? जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति का आरक्षण है उसके अनुपात में आरक्षण दिया गया है। चुनाव के तुरंत बाद परिसीमन किया जाएगा, जनगणना होगी।

# अज्ञात युवकों ने पीटा होटलकर्मी को पीटा

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। थाना ऊना** के तहत बहडाला में चार अज्ञात युवकों द्वारा गुलमोहर होटल के कर्मी को पीटने का मामला सामने आया है। होटल कर्मी ने ईट से हमले के साथ-साथ पिस्तौलनुमा चीज दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने होटल कर्मी की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में विपिन निवासी चड़तगढ ने बताया कि सोमवार देर शाम जब गुलमोहर होटल में अपनी नौकरी के लिए आया, तब अनजान नंबर से फोन ने मुझे सडक पर बुलाया।

# चिट्टा तस्करों पर सोलन पुलिस की सर्जिकल स्ट्राइक

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**

**सोलन जिला** पुलिस ने पिछले दो महीनों में जिला में दो बड़े चिट्टा तस्करों का भंडाफोड़ कर उनमें 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया है मंगलवार को सोलन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान एसपी सोलन गौरव सिंह ने बताया कि सोलन पुलिस लगातार चिट्टे तस्करों को लेकर जिला में अभियान चलाए हुए हैं और इसमें बाहरी राज्यों में भी दबिश दी जा रही है। उन्होंने कहा कि 19 सितंबर को सोलन पुलिस की टीम ने धर्मपुर में एक व्यक्ति अरुण उर्फ बब्बू के कब्जे से 10 ग्राम चिट्टा बरामद किया था इसके बाद उससे पूछताछ की गई और बाहरी राज्यों में उसे चिट्टे सप्लाई करने वाले 6 सप्लायरों को आईडेंटिफ ई किया गया जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया, जिसके बाद पुलिस की टीम ने एक दंपति को गिरफ्तार किया है जो कि असम के रहने वाले हैं फि लहाल पिंजौर में रहते हैं। उनसे पुलिस ने 6 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया जिन्हें पुलिस ने 5 दिन का पुलिस रिमांड दिया इसके बाद पुलिस ने इनसे भी पूछताछ की और उनके सप्लायर का पता लगाया। इसके बाद इस दम्पति के सप्लायर को दिल्ली में रहने वाले एक नाइजीरियन मूल के व्यक्ति सोलन पुलिस ने गिरफ्तार किया, जांच में पता चला कि सोलन जिला में यह दम्पति नशे का कारोबार करके अच्छा मुनाफ ा कमाते है, इसके साथ ही पुलिस ने आरोपी अरुण उर्फ बब्बू के दूसरे सप्लायरों को भी सर्विलांस पर लिया और 20 सितंबर को तीन सप्लायरों जिसमें साहिल निहाल और सोनू थे वह हरियाणा राज्य संबंध रखते थे और चिट्टे हीरोइन बेचने का अवैध धंधा कर रहे थे उन्हें भी पुलिस ने गिरफ्तार किया।

## संक्षिप्त खबरें

### अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता में वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खलोगी का दबदबा रहा

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी। शिक्षा खंड** कुल्लू-एक की छात्रा वर्ग अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खलोगी की छात्राओं का दबदबा रहा है। खिलाड़ियों ने खो-खो में प्रथम और कबड्डी में द्वितीय स्थान पर कब्जा किया है। खिलाड़ियों का स्कूल पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।खंड स्तरीय अंडर-19 प्रतियोगिता 21 से 23 सितंबर तक करवाई गई। बजौरा स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में खलोगी की खिलाड़ियों ने खो-खो की ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि कबड्डी में रनरअप का खिताब पाया। ऐसे में सोमवार को खिलाड़ियों के लिए स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य ने छात्राओं को सम्मानित किया और 5,100 की राशि भी पुरस्कार के तौर पर दी। प्रधानाचार्य तिलक राज ने कहा कि स्कूली खिलाडियों ने खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि अब जिला स्तर पर नग्गर स्कूल में होने वाली प्रतियोगिता में स्कूल की खो-खो खिलाड़ी भाग लेंगी। इसके अलावा कबड्डी में दो खिलाडियों का चयन जिला स्तर के लिए हुआ है। कहा कि डीपीई जोगिंद्र और पीटीई राजेश को भी सम्मानित किया गया है।

### श्री मारकंडा नदि जल क्वालिटी के भरे सैंपल

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ। ओए नंबर** 515 धर्मवीर वर्सेस स्टेट ऑफ हरियाणा के द्वारा एनजीटी में दिए गए श्री मारकंडा रिवर वॉटर क्वालिटी के संदर्भ में गठित जॉइंट इंस्पेक्शन कमेटी के द्वारा कालाअंब में सैंपलिंग की गई। जॉइंट इंस्पेक्शन कमेटी में पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड हिमाचल प्रदेश सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड तथा हरियाणा पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के सदस्य शामिल थे। इनके साथ इंडस्ट्री डिपार्टमेंट जिला सिरमौर तथा आईपीएच विभाग भी शामिल था। प्राप्त जानकारी के अनुसार ओए नंबर 515 पवित्र नदी मारकंडा जी के पानी में उद्योगों तथा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट्स को लेकर शिकायत दी गई थी। इसके बाद एनजीटी की डायरेक्शन पर श्री मारकंडा जी रिवर की वॉटर क्वालिटी जांचने के लिए जॉइंट इंस्पेक्शन कमेटी के द्वारा न केवल औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब बल्कि हरियाणा में भी सैंपल उठाए गए।जिसमें रुचिरा पेपर मिल, सीईटीपी कालाअंब, तथा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट श्री त्रिलोकपुर के अलावा हरियाणा के नारायणगढ़ के एसटीपी तथा मुलाना मेडिकल यूनिवर्सिटी से सैंपलिंग की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह कार्यवाही खबर लिखे जाने तक यानी देर शाम तक भी जारी थी। औद्योगिक क्षेत्र काला अंब में जॉइंट इंस्पेक्शन कमेटी के द्वारा करीब दो ढाई घंटे तक अलग-अलग जगह से सैंपल उठाए गए थे।वहीं आईपीएच विभाग के द्वारा जो त्रिलोकपुर क्षेत्र में शिवराज के लिए पाइप डाले गए थे इसके साथ.साथ सीइटीपी काला अंब को कैसे चलाया जाना है इसका रखरखाव कैसे किया जाएगा इसको लेकर भी उद्योग विभाग के साथ मिलकर जॉइंट इंस्पेक्शन कमेटी के द्वारा योजना बनाई गई है। बताया जा रहा है कि यह कार्यवाही कल भी जारी रहेगी।

### सुक्खू सरकार पर हर महिला का 15 हजार का कर्ज चढ़ा: मेलाराम शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ। जिला सिरमौर** के भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को गत दिवस शिमला में वर्तमान सुक्खू सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ विशाल आक्रोश रैली के सफल आयोजन किए बधाई दी है। उन्होंने बताया कि इस धरना प्रदर्शन में प्रदेश भर से भाजपा कार्यकताओं, महिलाओं और युवाओं का सैलाब उमड़ा था। इससे यह साबित हो गया है कि प्रदेश के कौने-कौने में वर्तमान सरकार की जनविरोधी नीतियों के प्रति भारी रोश फैला है। मेलाराम शर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार हर मोर्चे पर पूरी तरह फेल हो गई है और चुनाव के दौरान आम जनता को दी गई 10 गारंटीयों में से एक भी वादा पूरा नहीं कर पाई। यह हिमाचल के इतिहास में पहली बार हुआ है जब किसी सरकार का एक साल पूरा होने से पहले ही उसके विरोध में इतनी बड़ी आक्रोश रैली का आयोजन हुआ हो। उन्होंने बताया कि 10 महीने पहले विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस नेताओं ने गले फ ड़-फ ड़ कर महिलाओं को पहले कैबिनेट की पहली बैठक में ही प्रतिमाह रू 1500 देने का वादा किया था परंतु 10 महीने का कार्यकाल बीत जाने के उपरांत अब प्रत्येक महिला का सुक्खू सरकार पर पन्द्रह हजार रुपए का कर्ज चढ़ चुका है क्योंकि किसी भी महिला को अभी तक प्रतिमाह रू1500 नहीं मिल पाया। उन्होंने बताया कि इससे भी बड़ी ठगी प्रदेश के बेरोजगार नौजवानों के साथ हुई है जिन्हें हर वर्ष एक लाख नौकरियां देने का वादा किया गया था परंतु अभी तक एक भी युवक को सरकार द्वारा नौकरी नहीं दी गई।

### स्विगी ने शिमला और धर्मशाला में फूड डिलीवरी सर्विसेज का विस्तार किया

**शिमला:** भारत के अग्रणी ऑन डिमाण्ड सुविधा प्लेटफॉर्म स्विगी ने हिमाचल प्रदेश के दो शहरों शिमला और धर्मशाला में अपनी फूड डिलीवरी सर्विसेज के विस्तार की घोषणा की है। यह नीतिगत कदम देश भर में ग्राहकों को निर्बाध और सुविधाजनक भोजन वितरण अनुभव प्रदान करने की स्विगी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।वर्तमान में स्विगी ने शिमला और धर्मशाला दोनों में सेवा देने वाले 130 से अधिक स्थानीय रेस्तरां भागीदारों को सूचीबद्ध किया है। इन साझेदारों के साथ स्विगी इन दोनों शहरों के निवासियों और पर्यटकों दोनों को व्यंजनों की एक विस्तृत श्रृंखला की डोरस्टेप डिलीवरी से प्रदान कर खुश करना चाहता है।पूरे हिमाचल प्रदेश में अपनी पहुंच बढ़ाने की स्विगी की प्रतिबद्धता पूरे क्षेत्र में इसके व्यापक कवरेज से स्पष्ट है।अब यहां के निवासी और पर्यटक स्विगी के रेस्तरां भागीदारों के व्यापक नेटवर्क की बदौलत उत्तर भारतीय,चीनी,इतालवी,कॉन्टिनेंटल सहित अन्य विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का आनन्द ले सकेंगे। विशेष रूप से शिमला में अमर भोजनालय,पिरामिड एक्सप्रेस और 37 सेंट्रल रेस्तरां,जबकि धर्मशाला में फूड सफारी,अमन फूड कोर्ट और द विनोद रसोई जैसे रेस्तरां ने काफी लोकप्रियता हासिल की है अब यूजर्स इन स्वादिष्ट भोजन एवं व्यंजन निमार्ताओं का बनी खाद्य सामग्री गर्म और ताजा प्राप्त कर सकेंगे। हाल ही में ऑर्डर वॉल्यूम में 90 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। स्विगी इस सफलता का श्रेय अपने रेस्तरां भागीदारों और डिलीवरी एक्जक्यूटिव्स के समर्पित प्रयासों को देती है जो यह सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास करते हैं कि ग्राहकों को उनका पसंदीदा भोजन तुरंत मिले। स्विगी के नेशनल बिजनेस हेड फूड मार्केट प्लेस,सिर्द्धाथ भाकू ने कहा स्विगी हमारे यूजर्स को अद्वितीय सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अपनी बात जारी रखते हुए कहा जैसे ही हम इन शहरों में अपनी शुरूआत कर रहे हैं हमें उनकी पहुंच का विस्तार करने के उद्देश्य से स्थानीय रेस्तरां के साथ सहयोग से प्रोत्साहित किया जाता है।ग्राहकों को बेहतर सेवा देने के लिए हम सक्रिय रूप से डिलीवरी पार्टनर्स की भर्ती कर रहे हैं और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा कर रहे हैं।हम स्थानीय समुदाय के आर्थिक विकास में योगदान देना चाहते हैं। स्विगी वन के सदस्य ढेर सारे लाभों का आनन्द ले सकते हैं जिनमें असीमित मुफ्त डिलीवरी कोई सर्ज शुल्क नहीं और विशेष ऑफर शामिल हैं जो उनके समग्र भोजन अनुभव को बढ़ाते हैं।शाकाहारी ग्राहकों को इन शहरों में स्विगी के साथ साझेदारी कर रहे लोकप्रिय शाकाहारी रेस्तरां के एक चुनिंदा चयन का आनन्द मिलेगा जो उनकी प्राथमिकताओं और अपने इच्छित भोजन की तमन्नाओं को पूरा करेगा।

# अमृतसर में बसे हिमाचलियों की ओर से मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 2 लाख 21 हजार अंशदान

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद**
वशिष्ठ अमृतसर में बसे हिमाचलियों की ओर से मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 2 लाख 21 हजार रुपए का अंशदान अमृतसर में बसे नादौन एवं अन्य हिमाचली लोगों से मुख्यमंत्री ने की भेंट मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज अमृतसर में निवास कर रहे हिमाचल के हमीरपुर जिला के नादौन विधानसभा क्षेत्र सहित प्रदेश के अन्य लोगों से भेंट की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि हिमाचल की अपनी विशिष्ट संस्कृति है और सभी प्रदेशवासियों को अपनी परंपराओं एवं लोकाचार का सदैव पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिमाचल के लोग पूरे विश्व में अपने सरल व सहज



व्यवहार एवं कार्यकुशलता के लिए जाने जाते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को हिमाचली कल्याण सभा के तत्वावधान में अमृतसर में निवास कर रहे नादौन विधानसभा क्षेत्र एवं हिमाचल के अन्य निवासियों की ओर से सभा के सदस्य गौरव शर्मा ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 2 लाख 21 हजार रुपए के चेक भेंट किए।मुख्यमंत्री ने इस पुण्य कार्य के लिए हिमाचल कल्याण सभा के अमृतसर के सभी सदस्यों एवं अन्य दानी सज्जनों का आभार प्रकट करते हुए आशा व्यक्त की कि इससे अन्यों को भी आपदा की इस घड़ी में प्रदेश की सहायता करने की प्रेरणा मिलेगी। सभा के सदस्यों की ओर से इस अवसर पर मुख्यमंत्री को सम्मानित किया गया।

## स्वर्ण मंदिर हमारी आस्था और समर्पण का प्रतीक

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**
**मुख्यमंत्री ठाकुर** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को अमृतसर में ऐतिहासिक एवं विश्व प्रसिद्ध स्वर्ण मंदिर में शीश नवाया और सभी के सुखमय जीवन, अच्छे स्वास्थ्य और बेहतर भविष्य की प्रार्थना की।स्वर्ण मंदिर समूचे विश्व में हरमंदिर साहिब तथा श्री दरबार साहिब के नाम से विख्यात है और यहां देश-विदेश से करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु शीश नवाने पहुंचते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्ण मंदिर हमारी आस्था और समर्पण का प्रतीक है तथा यहां मनुष्य को कर्म की प्रधानता और भारतीय संस्कृति की विशालता का बोध होता है।उन्होंने कहा कि गुरुओं की शिक्षाओं की प्रासंगिकता आज पहले से कहीं अधिक है।

उन्होंने कहा कि हम सभी गुरुओं के दिखाए मार्ग पर चलकर जीवन के वास्तविक लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।इस अवसर पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की ओर से मुख्यमंत्री का हरमंदिर साहब में स्वागत किया गया और उन्हें स्वर्ण मंदिर के इतिहास की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# 5 नवंबर को प्रदेश भर में स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता करवाएगी एबीवीपी

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**
**अखिल भारतीय** विद्यार्थी परिषद 5 नंबवर को पुरे हिमाचल प्रदेश में स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रही है। प्रतियोगिता में 9 वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थी ही भाग ले सकते है। विद्यार्थियों को परीक्षा देने के लिए अपना पंजीकरण करवाना पड़ेगा जोकि 3 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं से करवा सकते है। प्रतियोगिता में विश्व, भारत व हिमाचल प्रदेश का सामान्य ज्ञान, जनरल साइंस, भाषाएं-संस्कृत, हिन्दी, इंग्लिश, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम, भारतीय धर्म और संस्कृति, खेल, करंट अफेयर्स व रीजनिंग एविलीटी आदि के 100 प्रश्न पूछे जाएंगे। एबीवीपी के प्रदेश मंत्री आकाश नेगी ने बताया कि स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान




प्रतियोगिता में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करते वाले विद्यार्थी को 31000 रू द्वितीय स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थी को 21000 रू व तृतीय स्थान हासिल करने वाले को 150000रू का पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता छात्रों को स्कूल के बाद आने वाले समय में अन्य परीक्षाओं के तैयारी के लिए भी महत्वपूर्ण साबित होता है वह इस परीक्षा का परिणाम नंबवर महीने के अंतिम सप्ताह में घोषित किया जाएगा।इस प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस पर वितरित किए जाएंगे।

# बचना, हसीनों लो मैं आ गया पाश्र्व गायक धीरज शर्मा ने लगाए आखरी सांस्कृतिक संध्या में चार चांद



**टीम एक्शन इंडिया/ गोहर/ सुभाग सचदेवा**
**जिला स्तरीय** नलवाड़ मेला ख्योड़ की अंतिम सांस्कृतिक संध्या पाश्र्व गायक धीरज शर्मा ने पुराने फिल्मी गीतों का मनमोहक गुलदस्ता पेश कर चार चांद लगा दिए। धीरज शर्मा ने स्टेज पर आते ही स्टेज पर आग लगा दी। उन्होंने एक से बढकर एक पुराने फि ल्मी नगमे पेश कर सब का दिल जीत लिया। धीरज शर्मा ने गुलाबी आंखें जो तेरी देखी शराब, बदन पे सितारे लपेटे हुए ओ जाने तम्मन्ना किधर जा रही हो, बचना, हसीनों लो मैं आ गया, औ मेरी जोहरी जबीं,कजरा मुहब्बत वाला अंखियों में ऐसा डाला गा कर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया और खूब वाहवाही बटोरी। आखिरी सांस्कृतिक संध्या के दुसरे स्टार कलाकार भुंतर कुल्लू के डाबे राम कुल्लवी ने मनमोहक प्रस्तुतियां पेश कर दर्शकों को

**समां बांधा**

**8 गुलाबी आंखें जो तेरी देखी शराब, बदन पे सितारे लपेटे हुए ओ जाने तम्मन्ना किधर जा रही हो...**

खूब नचाया। दर्शकों ने अंतिम सांस्कृतिक संध्या के कार्यक्रम में सभी कलाकारों का बड़ी गर्म जोशी के साथ अभिनंदन किया। तथा कलाकारों ने भी श्रोता गणों का बढ़चढ़ कर मनोरंजन किया। डाबे राम कुल्ल्बी ने सुना रा झुमका, मेरी डिम्पले, सुरमानि, इना बढि?ा जो तुडका ला, नीलमा नखरे आलिये, तेरे जुट्ट झलारा, सेऊआ रा निभू सीज?, साजन निकलू बेकार, टच केरदी, ओ लाड़ी रेशमा, थां की मामा थां, उझी रे नेगिया जैसी नानस्टाप नाटी के साथ श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया और दर्शकों को खूब नचाया।

# आश्विन नवरात्र मेले के दौरान शिक्षकों की नहीं लगेगी ड्यूटी

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**
**प्रसिद्ध शक्तिपीठ** श्री नयना देवी जी में 15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर, 2023 तक अश्विन नवरात्र मेला में आयोजित किया जाएगा। मेले में श्रद्धालुओं के लिए किए जाने वाले आवश्यक प्रबंधों को लेकर आज मंदिर न्यास आयुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर डॉ. निधि पटेल की अध्यक्षता में बचत भवन में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम स्वारघाट को मेला अधिकारी तथा एसएचओ कोट को सहायक पुलिस मेला अधिकारी नियुक्त किया गया। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर



ने निर्देश जारी किए की इस वर्ष आश्विन नवरात्र मेले में शिक्षकों की ड्यूटी नही लगाए जाएगी। शिक्षकों की जगह अन्य मिनिस्ट्रियल स्टाफ की ड्यूटी लगाई जाएगी। मेले मे केवल वही लोग लंगर लगा सकेंगे जिनको विभाग द्वारा लाइसेंस दिया हो। अतिरिक्त उपायुक्त ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को लंगर की व्यवस्था जांचने के सख्त निर्देश जारी किए।

आश्विन नवरात्र मेलों के दौरान नैना देवी मंदिर में प्रतिदिन 10 हजार से 12 हजार श्रद्धालुओं की आने की उम्मीद है जिसको देखते हुए मेला क्षेत्र को 6 सेक्टर में विभाजित कर 6 सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की जाएगी ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की सुविधा का सामना न करना पड़े। अतिरिक्त उपायुक्त में परिवहन विभाग के अधिकारियों को बसों की उचित व्यवस्था के निर्देश दिए इसके अतिरिक्त मेले के दौरान यातायात की उचित व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी पुलिस विभाग की होगी।

डॉ. निधि पटेल ने उप मंडल अधिकारी को मेल के दौरान पार्किंग की उचित व्यवस्था के निर्देश दिए। श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य जांच के लिए आयुर्वेदिक विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को चिकित्सकों के तैनाती के निर्देश दिए और कहा कि स्वास्थ्य सहायता कक्ष 24 घंटे खुले रहेंगे।

नगर परिषद नैना देवी के कार्यकारी अधिकारी संपूर्ण मेला क्षेत्र में सफ ाई व्यवस्था स्थापित करना सुनिश्चित करेंगे तथा नवरात्रों के दौरान पर्याप्त सफ ाई कर्मचारी नगर परिषद ही नियुक्त करेगा। बैठक में मेले के दौरान आपदा प्रबंधन के लिए भी विशेष चर्चा की गई जिसमें अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी विभागों के निर्देश दिए कि वह अपने-अपने क्षेत्र में सेफ्टी ऑडिट करवाकर सर्टिफि केट मंदिर अधिकारी को उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करेंगे।

# 'प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण लिए प्रतिबद्ध'

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**
**सामाजिक न्याय** एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. कर्नल धनी राम शांडिल ने गत दिवस को अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और विशेष रूप से सक्षम लोगों के सशक्तिकरण के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों एवं अन्य कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार संवेदनशील वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और इनके उत्थान पर विशेष बल दे रही है। प्रदेश सरकार अनुसूचित जाति परिवारों



के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए भी प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि समाज के विकास में कोली समुदाय का उल्लेखनीय योगदान है। बैठक में जिला शिमला के रझाणा में कोली समाज सामुदायिक केंद्र के निर्माण की समीक्षा भी की गई।

इस केंद्र के निर्माण के लिए निष्पादन एंजेंसी हिमुडा को 30 लाख रुपये हस्तांतरित किए गए हैं।

# पीडब्ल्यूडी सोलन डिवीजन की 11 सडकों को सरकार ने स्वीकृत की

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष। सोलन डिवीजन** की 11 सडकों को सरकार ने 136 करोड़ 89 लाख रुपए की राशि मंजूर की है। यह राशि प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना व नाबार्ड के तहत स्वीकृत हुई है। मजे की बात है कि यह सभी ग्रामीण सडकें है। लोक निर्माण विभाग के तकनीक अधिकारी अब इन सडकों के वर्किंग एस्टीमेट को बनाने में जुटा है। स्वीकृत राशि का पत्र सरकार से सोलन डिवीजन को प्राप्त हो चुका है। इन सडकों के निर्माण व पक्का करने का काम जल्द शुरू होने की संभावना है क्योंकि विभाग के तकनीकि अधिकारी इसके वर्किंग प्लान को बनाने में जुटे हैं। पीडब्ल्यूडी विभाग सोलन के अधिशासी अभियंता रवि भट्टी ने बताया की सोलन में जल्द ही नाबार्ड और प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना के तहत सडकों के निर्माण ब पक्का करने का कार्य शुरू होगा इसके लिए जल्द ही टेंडर कॉल किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन सडकों के बनने से ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को काफ ी सुविधा मिलने वाली है वहीं सडकों की स्थिति भी बेहतर हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि इसके बाद सोलन मंडल में अन्य विकास कार्य को लेकर भी तेजी लाने का प्रयास किया जाएगा।

# स्वच्छता अभियान, भाजपा के सेवा पखवाड़ा का भाग : खन्ना



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
भाजपा शिमला मंडल द्वारा आयोजित स्वच्छता अभियान में भाजपा प्रदेश प्रभारी अविनाश राय खन्ना ने विशिष्ठ अतिथि के रूप में भाग लिया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुनील घर द्वारा की गई। स्वच्छता अभियान भाजपा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत अन्नादले वार्ड के ग्लेन में चलाया गया।अविनाश राय खन्ना ने कहा की भाजपा हर वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में मानती है, इसके अंतर्गत भाजपा के सभी कार्यकर्ता अनेकों सेवा कार्य करते हैं जैसे कि आपको ज्ञात होगा हिमाचल प्रदेश में अनेक स्थानों पर भाजपा युवा मोर्चा द्वारा रक्तदान शिवरों का आयोजन भी किया गया था और अब पूरे प्रदेश में स्वच्छता अभियान चल रहे हैं। उन्होंने कहा की जी-20 की सफ लता, चंद्रयान-3 की सफ लता भारत के लिए गर्व की बात है। भारत के प्रति विश्व का भरोसा बढ? में यहां की निष्पक्ष व स्वतंत्र न्याय व्यवस्था की बड़ी भूमिका है। आत्मविश्वास से भरा भारत आज 2047 तक विकसित होने के लक्ष्य के लिए मेहनत कर रहा है। निश्चित तौर पर इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भारत को एक मजबूत, निष्पक्ष और स्वतंत्र न्यायिक व्यवस्था का आधार चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार आम आदमी को आसानी से समझ में आने वाली अधिकतम भाषाओं में कानूनों का मसौदा तैयार करने का गंभीर प्रयास कर रही है, ताकि उन्हें महसूस हो सके कि ये उनका अपना कानून है। आज भारत वसुधैव कुटुम्बकम की भावना का प्रतीक है।

# भाजपा के धरने से कांग्रेस सरकार की हवा सरकी: धमार्णी

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धमार्णी ने कहा की कांग्रेस के नेताओं और प्रवक्ताओं की बयानबाजी से ऐसा प्रतीत होता है की भाजपा के धरने से कांग्रेस सरकार की हवा सरकी है। केवल मात्र अपना चेहरा छुपाने के लिए कांग्रेस के नेता मीडिया में तथ्य से परे अभियान बाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा की कांग्रेस के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री सवालों से क्यों भाग रहे हैं? हिमाचल की जनता पूछ रही है कि कांग्रेस पार्टी की 10 गारंटी कहां गई, बहने 1500 रु प्रति महीने मांग रही है, युवा लाख नौकरी मांग



रहा है, किसान बागबान सभी वर्ग के लोग अपने वादों के पूरे होने का इंतजार कर रहे हैं। अगर हमने भी यही सवाल इनसे पूछ लिए तो इनको क्यों तकलीफ हो रही है। धमार्णी ने कहा की शायद मुकेश अग्निहोत्री अपनी खीज मिटाने के लिए बयान बाजी कर रहे हैं, अगर भाजपा के मुीभर लोग थे तो प्रशासन को 1000 पुलिस वाले लगाने के क्या आवश्यकता पड़ गई थी? कांग्रेस सरकार में डर और भय था क्योंकि उनको पता है कि वह कई चीज छुपाने का प्रयास कर रहे हैं, पर किए गए कर्म छुपाते नहीं है जनता के समक्ष आ ही जाते हैं। भाजपा का धरना प्रदर्शन शानदार रहा हजारों की संख्या में कार्यकताओं ने भाग लिया और एक जबरदस्त धरना प्रदर्शन किया गया, हमारा प्रदर्शन संकेतिक था और अनुशासित था। हमारे नेताओं ने मंच से बार-बार बोला था कि हम अनुशासन में रहेंगे और सरकार को संकेत देने के लिए धरना प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा की कांग्रेस के प्रवक्ताओं को नहीं जानता को करनी चाहिए सरकार की प्रशंसा। बार-बार जब भी सरकार बैक फु ट पर जाती है तो उनके प्रवक्ता फ ट सरकार को बचाने के लिए निकल आते हैं। पर शायद यह भूल गए की प्रशंसा तो जनता को करनी चाहिए, अगर जनता खुश होती है तो सरकार का ग्राफ बढ़ता दिखाई देता है, पर जब सरकार दुख की सरकार की तरह कार्य करती है तो ग्राफ ढलता दिखाई देता है। वर्तमान परिस्थितियों में तो इस सरकार का ग्राफ और जहाज दोनों डूबते दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा झूठ बोलना तो कांग्रेस की फि तरत है और कांग्रेस नेता नरेश चौहान का बोला स्वाभाविक है क्युकी उनकी रोजी रोटी का सवाल है।

# सीमा पर शहादत करने वाले रणबांकुरों के कारण देश सुरक्षित: विशाल

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**
**डीएवी स्कूल** बिलासपुर में सोमवार को केंद्र सरकार द्वारा चलाये गए कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश के तहत विद्यार्थियों व अध्यापकों से एक मुठी माटी एकत्रित की गई। जिसे प्रधानचार्य व अध्यापकों ने मिट्टी की मटकी मुख्यातिथि को भेंट की। बीसीसीआई सीनियर टूनार्मेंट चयन समिति सदस्य व जिला क्रिकेट संघ के सचिव विशाल जगोता ने इस अवसर पर कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा चलाये



गए वीर शहीदों को हमें याद करना है कि जिनके बलिदान के कारण आज हम सुरक्षित है। इन वीरों की बदौलत ही हम आज स्वतंत्र भारत मे रह रहे है। उन्होंने कहा कि आप बच्चों को अपने अध्यापकों को भी सम्मान करना चाहिए। उन्होंने इस अवसर पर स्कूल के खिलाडि?ों के लिए क्रिकेट संघ की तरफ से हर सम्भव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया साथ कि विद्यालय के लडकों व लड़कियों के लिए क्रिकेट मैदान में एक क्रिकेट प्रतियोगिता जो कि अक्तूबर माह में करवाई जाएगी। इस अवसर पर खेलों में पदक जीतने वाले विद्यार्थियों को भी उन्होंने सम्मानित किया। स्कूल के छोटे बच्चों ने देशभक्ति के गीत भी गए। कार्यक्रम में स्कूल प्रधानाचार्य, स्टाफ , मुख्यातिथि के साथ अनिरुद्ध शर्मा व कर्ण चन्देल उपस्थित रहे।

# आर्ट ऑफ लिविंग के विश्व संस्कृति महोत्सव के चौथे संस्करण का गवाह बनेगा अमेरिका

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**
29 सितंबर से पहली अक्टूबर तक पूरे विश्व की दृष्टि अमेरिका के वाशिंगटन डीसी पर होगी। अमेरिका की राजधानी, विविधता और एकता के एक अविस्मरणीय और भव्य उत्सव, आर्ट ऑफ लिविंग के विश्व संस्कृति महोत्सव के चौथे संस्करण की मेजबानी करने जा रही है। पत्रकारों को यह जानकारी देते हुए मीडिया आर्ट ऑफ लिविंग के मीडिया स्मनव्यक अरूण डोगरा रीतू ने बताया कि प्रतिष्ठित वक्ताओं में संयुक्त राष्ट्र के 8वें महासचिव महामहिम, बान की मूनय भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकरय यूएस



सर्जन जनरल, डॉ. विवेक मूर्तिय अमेरिकी सीनेटर रिक स्कॉटय नैन्सी पेलोसी तथा भारत के पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द सहित कई अन्य पूर्व और वर्तमान राष्ट्राध्यक्ष और नेतागण सम्मिलित होंगे। अमेरिकी राजधानी की प्रतिष्ठित पृष्ठभूमि में स्थापित कार्यक्रम का मंच ही अकेले एक फु टबॉल मैदान के आकार का है। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक देशों के 17,000 कलाकारों, कई राष्ट्राध्यक्षों और विचारकों की एक विशाल सभा भाग लेने जा रही है, जो नेशनल मॉल में एकत्रित होगी। इसमें पांच लाख लोगों के भाग लेने की उम्मीद है, जिससे यह अपने तरह का एक अभूतपूर्व वैश्विक समारोह होगा। इस कार्यक्रम में 50 से अधिक प्रदर्शन सम्मिलित हैं : जिनमें 1,000 गायकों और नर्तकों के साथ एक पारंपरिक चीनी सांस्कृतिक प्रदर्शन।

# हिंदी भाषा में बेहतरीन कार्य करने वाले सुशील कुमार जिले में प्रथम

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी। जिला ऊना** के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को हिंदी भाषा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उपायुक्त ऊना ने सम्मानित किया। भाषा कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा अपनाई गई चयन प्रक्रिया में कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य मंडल ऊना को कार्यालय के रूप में तथा विकास सकलानी आदेशक गृह रक्षा बारहवीं वाहिनी ऊना को अधिकारी के रूप में हिंदी भाषा में बेहतरीन कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया।

## संपादकीय

# पर्यटन स्थलों का विकास

27 सितंबर को 'विश्व पर्यटन दिवस' है। हालांकि भारत अपना राष्ट्रीय पर्यटन दिवस 25 जनवरी को मनाता है। जानकारी देना चाहूंगा कि विश्व पर्यटन दिवस के दिन आज बहुत से देशों में अलग-अलग गतिविधियां, कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। मेले तक लगाये जाते हैं। पर्यटन किसी भी देश के विकास का साक्षी बनता है इसलिए हमें यह चाहिए कि हम विभिन्न पर्यटन स्थलों का विकास करके, उनका संरक्षण करके लोगों के आपसी संपर्क को बढ़ा कर मित्रता व आपसी सहयोग व सद्भाव को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा दें। जानकारी देना चाहूंगा कि किसी भी देश की अर्थव्यवस्था में पर्यटन का बड़ा योगदान होता है। पर्यटन स्थलों पर देश-विदेश से आने वाले विभिन्न पर्यटक विभिन्न परिवहन साधनों से लेकर होटल, रेस्तरां और पर्यटन स्थलों के टिकट पर व्यय करते हैं और देश को बड़ी आय या इनकम होती है। वास्तव में विदेशी पर्यटकों को अपने देश में आकर्षित करने और पर्यटन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हर वर्ष विश्व पर्यटन दिवस मनाया जाता है। बहरहाल, जानकारी देना चाहूंगा कि पिछले कुछ सालो में विश्व पर्यटन दिवस विभिन्न सरकारों, व्यवसायों और व्यक्तियों, विभिन्न संगठनों के लिए एक साथ आने और इस पर विस्तार से चर्चा करने का एक आवश्यक मंच बन गया है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि पर्यटन आर्थिक विकास(इकोनोमिक डेवलपमेंट) का एक शक्तिशाली चालक है, जो दुनिया के विभिन्न देशों की जीडीपी में अपना महत्वपूर्ण व अभूतपूर्व योगदान देता है और लाखों नौकरियां भी पैदा करता है। वास्तव में, यह अंतर-सांस्कृतिक समझ को भी बढ़ावा देता है और विविध पृष्ठभूमि के लोगों को एक साथ लाकर शांति, सद्भाव और सौहार्द को भी बढ़ावा देता है।इसके अलावा, यह दिन पर्यटन उद्योग के सामने आने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। पर्यटन उद्योग में अनेक प्रकार की चुनौतियाँ और अवसर है।वास्तव में, पर्यटन के महत्व को उजागर करने के लिए प्रतिवर्ष 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस के रूप में मनाया जाता है?। पर्यटन भी रोजगार का एक साधन है और पर्यटन दुनिया भर में रोजगार का सृजन करने और दुनिया भर के लाखों लोगों के लिए भविष्य बनाने में मदद करता है। जानकारी देना चाहूंगा कि पर्यटन रोजगार का ही सृजन नहीं करता है, अपितु यह(पर्यटन) वैश्विक रूप से, विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक तथा आर्थिक मूल्यों को बढ़ाने में तथा आपसी समझ बढ़ाने में भी सहायता करता है। मनोरंजन का साधन तो यह है ही। जानकारी देना चाहूंगा कि प्रत्येक वर्ष विश्व पर्यटन दिवस के विषय की यूएनडब्ल्यूटीओ द्वारा कोई न कोई थीम रखी जाती है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 2022 में जहां इसकी थीम 'पर्यटन पर पुनर्विचार' रखी गई थी और होस्ट इंडोनेशिया था। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी से पर्यटन को काफी नुकसान हुआ था, इस ओर अधिक ध्यान दिए जाने के लिए यह थीम तय की गई थी। इसी तरह से वर्ष 2021 की थीम 'समावेशी विकास के लिए पर्यटन' रखी गई थी और होस्ट आइवरी कोस्ट था। वर्ष 2020 में थीम 'पर्यटन और ग्रामीण विकास' रखी गई थी और होस्ट अर्जेंटीना, ब्राजील और सदस्य सहयोगी थे।

# भाषा और संवाद के गिरते स्तर से आहत संसद

राजेश माहेश्वरी

> इस निरंकुशता में भी संशोधन किया जाना चाहिए। शायद स्पीकर इस मामले को विशेषाधिकार समिति को भेजें, लेकिन ऐसे गालीबाज सांसद को तुरंत निलंबित किया जाना चाहिए था। जब कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चैधरी और विपक्ष के अन्य सांसदों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई, तो तुरंत फैसला लिया गया। क्या रमेश बिधुड़ी को सत्ता पक्ष का सांसद होने के नाते ढील दी गई है और मुद्दे को शांत और ठंडा होने दिया जा रहा है? कारण कुछ भी हो, संसद के भीतर ये गालियां स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए। भाजपा सांसद के एक मुस्लिम सांसद के प्रति धर्मसूचक शब्द का इस्तेमाल करने से पूरा राजनीतिक जगत हिल गया। ऐसे में तमिलनाडु सरकार के मंत्री द्वारा भारत के 80 फीसदी लोगों के धर्म को डेंगू, मलेरिया, कोरोना बताकर समूल नष्ट करने की बात कहने और लगातार दोहराए जाने के बाद तो पूरे देश को आंदोलित होना चाहिए था

**संसद** का विशेष सत्र कई मायनों में ऐतिहासिक रहा। इस सत्र में नयी संसद में कामकाज की शुरूआत हुई तो वहीं बरसों से अटका पड़ा महिला आरक्षण विधेयक भारी बहुमत से पास हुआ। लेकिन इस सत्र में एक घटना ने लोकतंत्र के मंदिर की पवित्रता को भंग करने का काम किया। असल में दक्षिण दिल्ली के भाजपा सांसद रमेश बिधुड़ी ने उत्तर प्रदेश के बहुजन समाज पार्टी के सांसद दानिश अली के लिए जिन अपशब्दों का प्रयोग किया है, वह व्यवहार पूरी तरह अक्षम्य है। बिधूड़ी ने भाषा और संवाद की मयार्दा को तार-तार किया। इस मामले में जमकर राजनीति भी हो रही है। राहुल गांधी और अन्य दलों के नेता दानिष अली के समर्थन में सामने आए। कई विपक्षी सांसदों ने इसे श्विशेषाधिकार के उल्लंघनश का मामला बताते हुए स्पीकर से कार्रवाई की मांग रखी। इसी बीच, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने बसपा सांसद दानिश अली सहित कई अन्य विपक्षी सांसदों के व्यवहार को गलत बताते हुए स्पीकर को पत्र लिख दिया। उन्होंने पूरे मामले की जांच के लिए एक ह्यजांच समितिह्न बनाने की मांग की है। बीजेपी सांसद निषिकांत दुबे का कहना है कि ह्यबिधूड़ी के पूरे भाषण के दौरान, उस दिन दानिश अली लगातार रनिंग कमेंट्री कर रहे थे और बिधूड़ी को परेशान करने और उन्हें उकसाने के उद्देश्य से सभी के प्रति अभद्र टिप्पणियां भी कर रहे थे, जिससे उनकी शांति और संयम खो जाए और वह सदन में सही तरीके से अपने विचार व्यक्त न कर पाएं। दुबे ने पत्र में कहा है, उन्होंने (दानिश अली) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक और निंदनीय टिप्पणी की, जिसे सुनकर कोई भी देशभक्त जनप्रतिनिधि अपनी शांति खोकर और उनके जाल में फंसकर अप्रिय बोल सकता था और उस दिन ऐसा ही हुआ। बीजेपी सांसद रमेश बिधूड़ी ने दानिश अली के धर्म को लेकर जिन शब्दों का उपयोग किया उन्हें असंसदीय मानकर कार्यवाही से निकाल दिया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओमप्रकाश बिरला ने रमेश बिधूड़ी को कड़ी चेतावनी दी, वहीं भाजपा अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा ने 15 दिन में जवाब मांगा है। बिधूड़ी ने गत दिवस पार्टी अध्यक्ष को अपना जवाब सौंप दिया है। संसद में रक्षा मंत्री राजनाथ



सिंह ने अपनी पार्टी के सांसद के अशोभनीय बयान के लिए माफी मांगने की सौजन्यता भी दिखाई। वहीं दानिश अली ने अध्यक्ष से मामले को विशेषाधिकार समिति में भेजने की अपील के साथ चेतावनी दी कि न्याय न मिलने पर वे सदस्यता छोड़ देंगे। लेकिन अब तक जो होता आया है उसके अनुसार मामला विशेषाधिकार समिति में जाएगा और रमेश बिधूड़ी के माफी मांग लेने पर उसका पटाक्षेप हो जाएगा। हाल ही में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चैधरी द्वारा प्रधानमंत्री के बारे में की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों के संदर्भ में भी यही देखने मिला। बावजूद इसके संसद या उसके बाहर ऐसी बातें कहने का अधिकार किसी को भी नहीं है। संविधान के अनुच्छेद 105 (2) के मुताबिक, संसद में कही गई बात को अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती। इस निरंकुशता में भी संशोधन किया जाना चाहिए। शायद स्पीकर इस मामले को विशेषाधिकार समिति को भेजें, लेकिन ऐसे गालीबाज सांसद को तुरंत निलंबित किया जाना चाहिए था। जब कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चैधरी और विपक्ष के अन्य सांसदों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई, तो तुरंत फैसला लिया गया। क्या रमेश बिधुड़ी को सत्ता पक्ष का सांसद होने के नाते ढील दी गई है और मुद्दे को शांत और ठंडा होने दिया जा रहा है? कारण कुछ भी हो, संसद के भीतर ये गालियां स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए। भाजपा सांसद के एक मुस्लिम सांसद के प्रति धर्मसूचक शब्द का इस्तेमाल करने से पूरा राजनीतिक जगत हिल गया। ऐसे में तमिलनाडु सरकार के मंत्री द्वारा भारत के 80 फीसदी लोगों के धर्म को डेंगू, मलेरिया, कोरोना बताकर समूल नष्ट करने की बात कहने और लगातार दोहराए जाने के बाद तो पूरे देश को आंदोलित होना चाहिए था। बजाय इसके कांग्रेस अध्यक्ष के बेटे तक ने सनातन विरोधी बयान का समर्थन कर डाला। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य रामचरित मानस के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने के बावजूद पार्टी के पद पर हैं। बीते कुछ दिनों से वे हिंदू शब्द की बेहद निम्न स्तरीय व्याख्या कर रहे हैं किंतु समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, कांग्रेस या अन्य किसी को उसमें कोई बुराई नजर नहीं आ रही। स्वामी प्रसाद की देखा सीखी बिहार में नीतीश सरकार के कुछ मंत्री भी निरंतर रामचरितमानस और सनातन धर्म पर घटिया टिप्पणियां कर रहे हैं, जिनको न मुख्यमंत्री रोक रहे हैं और न ही लालू प्रसाद यादव। कांग्रेस नेता राहुल गांधी 2019 के चुनाव में चौकीदार चोर का नारा किसके लिए लगवाते थे, ये सब जानते हैं। सभी मोदी चोर हैं जैसी टिप्पणी के लिए तो वे मानहानि के दोषी तक करार दिए गए। इसके अलावा वीर सावरकर के बारे में उनके सार्वजनिक बयान क्या एक राष्ट्रीय नेता की प्रतिष्ठा के अनुरूप थे ? यह विचारणीय विषय है कि ऐसी टिप्पणियां करके ये नेता राज्य की जनता को क्या संदेश दे रहे हैं? शायद नेता भूल गए कि आम जनता राजनीतिक नेतृत्व को रोल मॉडल मानती है। अपने सदाचरण के लिए महात्मा गांधी को राष्ट्रपिता, पं.जवाहर लाल नेहरू को चाचा नेहरू तथा कई अन्य राजनेताओं को इसी तर्ज पर आत्मीय संबोधन मिले, लेकिन मौजूदा दौर में कोई नेता आम आदमी से ऐसी आत्मीयता का हकदार नहीं दिखता। इसकी एकमात्र वजह नेताओं का आचरण और जीवनशैली है। इन्हीं हालात के चलते राजनीतिक क्षेत्र में दबंगों, कारोबारियों और अपराधियों का वर्चस्व बढ़ता जा रहा है क्योंकि अच्छी सोच रखने वाले लोग राजनीति को अपने लिए सही स्थान नहीं मानते। देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए यह अच्छा संकेत नहीं है। देश के प्रधानमंत्री मोदी के लिए कांग्रेस नेताओं ने अनेक गालियों का इस्तेमाल किया है और वे अपशब्द इनसे भी ज्यादा अभद्र और अश्लील रहे हैं, लेकिन कांग्रेस को कुछ भी हासिल नहीं हुआ। इधर भाजपा सांसद ने बसपा सांसद को गालियां दीं, उधर हरियाणा के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने अकारण ही प्रधानमंत्री और राज्य के मुख्यमंत्री के लिए घोर अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। क्या राजनीति इसी आधार पर की जा सकती है? इस हम्माम में सभी दलों के नेता डूबे हैं। उनके खिलाफ आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई, लिहाजा शक होता है कि बिधुड़ी के खिलाफ भी कुछ किया जाएगा। सनातन धर्म के बारे में द्रमुक अध्यक्ष स्टालिन के बेटे उदयनिधि द्वारा की जा रही अनर्गल टिप्पणियां यदि किसी अन्य धर्म के बारे में की गई होती तो उनका जीना दूभर हो जाता। कहने का आशय ये है कि अशालीन और अपमानजनक टिप्पणियों के विरुद्ध एक जैसी राय रखी जानी चाहिए। इसमें राजनीतिक लाभ और हानि की बजाय गुण-दोष के आधार पर फैसला किया जाना जरूरी है। जो गलत है वो गलत है, फिर चाहे उदयनिधि हों, स्वामी प्रसाद हों या फिर रमेश बिधूड़ी। भाजपा को चाहिए वह रमेश बिधूड़ी पर कड़ी कार्रवाई करे। लेकिन एक सांसद पर डंडा चला देने से सब कुछ ठीक हो जाएगा ये मानकर बैठ जाना निरी मूर्खता होगी। दरअसल, जब राजनीति वैचारिक आधार खो देती है, तब राजनीतिक कार्यकर्ता ऐसा आचरण करने लगते हैं। ये घटनाएं संकेत देती हैं कि राजनीति किस हद तक वैचारिक दीवालियेपन की शिकार हो चुकी है।

## कविता

### कैसे जख्म दिखाएं जमाने को

कैसे जख्म दिखाएँ जमाने को,
हमेशा जहर दिया दीवाने को।।

नादाँ न समझ पाया जमाने को,
हमेशा हमदर्द समझा जमाने को।

फरेब नहीं किया कभी किसी से,
मासूम,बूझ न पाया जमाने को।

बन्दीश थी प्यार पर दीवाने की,
इश्क में प्यारा पैगाम दिया जमाने को।

गजल,आशिकी, दिवानगी बेमानी है
आशिक है क्या समझेगा जमाने को।

आवारा मसीहा था दीवाना,मस्ताना,
आशिक की फिक्र ही कहाँ ,जमाने को।

इश्क नेमत है, बताओ जरा जमाने को,
मोहब्बत पाकीजा है समझा जरा जमाने को,

छोड़ आशिकी मनाले जमाने को,
बन जा बाहुबली,चला जमाने को।।

संजीव ठाकुर

## त्वचा के ग्लो के लिए टोनर का उपयोग

**शहनाज हुसैन**

**टोनर को** हम अपने सौन्दर्य प्रसाधनों में सबसे कम अहमियत देते हैं क्योंकि अभी भी ज्यादातर महिलाएं इसके महत्व और उपयोग को लेकर जागरूक नहीं है जबकि टोनर दिन और रात में त्वचा के देखभाल में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण रोल अदा करता है / टोनर त्वचा की सफाई , नमी और पी एच स्तर के नियन्त्रण में मददगार साबित होता है / स्किन टोनर त्वचा को साफ कर पोर्स में फंसी गंदगी, मैल और अन्य अशुद्धियों को हटा देता है/ टोनर लगाने से स्किन हाइड्रेट रहती है/ टोनर के इस्तेमाल से रूखी त्वचा में नमी आती है/ टोनर आपकी त्वचा के पीएच लेवल के बैलेंस करने में मदद करता है/

चेहरा फेसवॉश करने के बाद आपकी त्वचा के रोम छिद्र खुल जाते हैं। इसलिए त्वचा पर कोई क्रीम या मॉइश्चराइजर लगाने से पहले टोनर का उपयोग करना चाहिए। टोनर त्वचा को गहराई से साफ करने के साथ.साथ त्वचा के पोर्स को टाइट करने में भी मदद कर सकता है तथा एक तरह का नैचरल लुब्रिकेंट होता जो आपकी त्वचा के प्रकृतिक तैलीय सन्तुलन बनाए रखने में मदद करता है / जब इसे नियमित रूप से उपयोग किया जाता हैए तो यह त्वचा में झुर्रियां, कील मुहांसों सहित त्वचा की कई समस्याओं को दूर कर देता है/ अगर आपने मेकअप किया है तो सबसे पहले मेकअप हटा लें और इसके बाद फेसवॉश से चेहरे को धो लें/ फेस की क्लीनिंग के बाद टोनर लगाएं / आपने मेकअप नहीं किया हुआ है तो आप फेसवॉश के बाद टोनर का इस्तेमाल कर लें/ इसके बाद आप कोई सीरम या फिर अपना मॉइस्चुराइजर लगा सकते हैं/ इसके बाद आप अपनी ब्यूटी क्रीम को अप्लाई करें/

बाजार से टोनर खरीदना कई बार न केवल महंगा साबित होता बल्कि उसकी गुणबत्ता को लेकर भी काफी सबाल देखने में मिलते हैं / हमारे

किचन में ही ऐसी कई चीजें मौजूद हैं जो टोनर का काम करती हैं और स्किन की खूबसूरती बढ़ाती हैं। गुलाब जल, खीरा, नींबू, खस जैसी सामग्री से आप घर पर ही टोनर बना सकती हैं। त्वचा को ताजा मुलायम बनाने के लिए ग्रीन टी, एप्पल साइडर विनेगर, आलू और टमाटर का भी उपयोग कर सकती हैं।

गुलाबजल और कच्चा दूध ऐसे स्किन टोनर हैं, जिनका उपयोग हर तरह की त्वचा पर किया जा सकता है / ये चीजें घर की दैनिक जरूरतों में भी उपयोग होती हैं। इसलिए आपको टोनर के लिए अलग से पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ती है। ग्रीन टी टोनर त्वचा द्वारा उत्पादित सीबम को नियंत्रित करता है। यह स्किन को आयल फ्री बनाये रखता है। ग्रीन टी के एंटी बैक्टीरियल और एंटी इन्फ्लामेट्री गुण सूजन को कम करते हैं। ये मुंहासों को कंट्रोल करते हैंए जिससे साफ, बेदाग त्वचा मिलती है।

## विचार

## दुनिया में तेजी से बढ़ रहा है पर्यटन उद्योग

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**किसी भी देश** की अर्थव्यवस्था में पर्यटन का बड़ा योगदान होता है। पर्यटन जिसे चिमनी विभिन्न उद्योग के नाम से भी जाना जाता हैं। आज भी लाखों लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध करा रहा है। पर्यटन स्थलों पर देश-विदेश से आने वाले पर्यटक परिवहन साधनों से लेकर होटल, रेस्तरां और पर्यटन स्थलों के टिकट पर व्यय करते हैं। जिससे राजस्व की बढ़ोतरी होती है। घूमने का शौक रखने वाले नए-नए पर्यटन स्थलों की खोज में रहते हैं। पर्यटन को बढ़ावा देने, पर्यटकों को आकर्षित करने और जागरूकता बढ़ाने के लिए हर वर्ष विश्व पर्यटन दिवस मनाया जाता है। आज के समय में जहां हर देश की पहली जरूरत अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। वहीं आज पर्यटन के कारण कई देशों की अर्थव्यवस्था पर्यटन उद्योग के इर्द - गिर्द घूमती है। यूरोपिय देश, तटीय अफ्रीकी देश, पूर्वी एशियाई देश, कनाड़ा, आस्ट्रेलिया आदि ऐसे देश है। जहां पर पर्यटन उद्योग से प्राप्त आय वहां की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करती है। पर्यटन सिर्फ हमारे जीवन में खुशियों के पल को वापस लागे में ही मदद नहीं करता है। बल्कि यह किसी भी देश के सांस्कृतिक, सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वैश्विक स्तर पर पर्यटन दिवस 27 सितंबर को मनाते हैं। पहली बार विश्व पर्यटन दिवस 1980 में मनाया गया था। इस दिन की शुरूआत संयुक्त राष्ट्र विश्व व्यापार संगठन ने की थी। 27 सितंबर के दिन विश्व पर्यटन दिवस मनाने की खास वजह थी। इसी दिन 1970 में संयुक्त राष्ट्र विश्व व्यापार संगठन को मान्यता मिली थी। संयुक्त राष्ट्र विश्व व्यापार संगठन की वर्षगांठ के दिन विश्व पर्यटन दिवस मनाने का फैसला लिया गया। पर्यटन दिवस को मनाने का उद्देश्य पर्यटन के जरिए रोजगार को बढ़ावा देने, लोगों को पर्यटन के प्रति जागरूक करने और अधिक से अधिक पर्यटन स्थलों के बारे में लोगों को जानकारी देना है। हर साल विश्व पर्यटन दिवस की मेजबानी दुनिया का कोई एक देश करता है। पिछले साल विश्व पर्यटन दिवस का मेजबानी इंडोनेशिया ने की थी। था। इस बार सऊदी अरब विश्व पर्यटन दिवस 2023 की मेजबानी कर रहा है। विश्व पर्यटन दिवस की एक खास थीम होती है। पिछले सात की थीम पर्यटन पर पुनर्विचार थी। कोरोना महामारी से पर्यटन को काफी नुकसान हुआ है। इस ओर अधिक ध्यान दिए जाने के लिए यह थीम तय की गई थी। इस वर्ष विश्व पर्यटन दिवस 2023 की थीम पर्यटन और हरित निवेश है। विश्व पर्यटन दिवस अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टूरिज्म को बढ़ाने में मदद करता है। ताकि देशों को पर्यटन के लिहाज से एक दूसरे से जोड़ा जा सके। यात्रियों को अपने देश के अलावा विदेशी पर्यटक स्थलों के बारे में भी पता चले और वह दूसरे देश के पर्यटन के जरिए विदेशी संस्कृति को करीब से जान पाए। भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से है जहां कलात्मक, धार्मिक और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर दर्शनीय स्थलों एवं कृतियों की कमी नहीं है। यही कारण है कि हजारों मील दूर रहने वाले विदेशी लोग भी पर्यटन के लिए यहां आने का लोभ छोड़ नहीं पाते हैं। यही नहीं देशी पर्यटक भी बड़ी तादाद में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक फैले देश के विभिन्न पर्यटन केंद्रों पर देखे जा सकते हैं। देश के लिए बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की कमाई करने में पर्यटन उद्योग का अच्छा खासा महत्व है। विशेषज्ञों द्वारा संभावना जताई जा रही है कि आगामी दस वर्षों में पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था में भारत का स्थान विश्व में तीसरा हो जाएगा। देश में इस दौरान लगभग एक करोड़ नये रोजगाार का इस क्षेत्र में सृजन होने की उम्मीद है। वर्ल्ड ट्रेवल एंड टूरिज्म कौंसिल द्वारा जारी रिपोर्ट में इस आशय की संभावनाओं की ओर इशारा किया गया है। अभी देश में लगभग चार करोड़ लोग टूर एंड टूरिज्म इंडस्ट्री के माध्यम से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष तौर पर आजीविका हासिल कर रहे हैं। देश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर नजर रखने वालों का मानना है कि देश में उपलब्ध पर्यटन क्षमता का समुचित रूप से इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

## मोटे अनाज विदेशी मेहमानों की थाली में परोसे जा रहे

**विजय गर्ग**

**मोटे अ**नाजों पर यह कहावत पूरी तरह चरितार्थ होती है कि 'पुरुष बली नहीं होत है, समय होत बलवान ।' हरित क्रांति के दौर में जो मोटे अनाज गरीबों की थाली तक सिमट गए थे, आज वे विदेशी मेहमानों की थाली में परोसे जा रहे हैं। हाल में संपन्न जी-20 शिखर सम्मेलन और उसके पहले देश भर में हुई इस समूह की अन्य बैठकों में मेहमानों के स्वागत से लेकर होटल के खाने-पीने तक हर जगह देसी टच दिया गया। विदेशी नेताओं को मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा और रागी से बने पकवान परोसे गए। विदेशी मेहमानों ने मोटे अनाज से बने स्नैक का लुत्फ देसी चाय के साथ उठाया। इससे भारत के मोटे अनाजों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ब्रांडिंग भी हुई। मोटे अनाजों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए 2023 को 'इंटरनेशनल ईयर आफ मिलेट्स' घोषित किया गया है। इससे पहले 2018 में भारत ने राष्ट्रीय स्तर पर मोटा अनाज वर्ष मनाया था। मिलेट्स में मोटे एवं छोटे दानों वाले अनाज शामिल होते हैं। प्रमुख मोटे अनाजों में ज्वार, बाजरा, रागी का नाम आता है तो वहीं छोटे अनाजों में कुटकी, कांगनी, कोदो और सावां शामिल हैं। इनमें कैल्शियम, आयरन और फाइबर समेत ढेरों पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसीलिए मोटे अनाजों को सुपरफूड का दर्जा दिया गया है। आज मोटे अनाज आकर्षक पैकिंग में बड़े-बड़े शापिंग माल में बिक रहे हैं। दुनिया के कई देशों में इन अनाजों को बड़े चाव से खाया जाता है। पोषक तत्वों की भरपूर मौजूदगी और बीमारियों से लड़ने की अद्भुत क्षमता को देखते हुए मोटे अनाज देश की पोषण सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसीलिए चिकित्सा जगत मोटे अनाजों को भोजन में शामिल करने की पैरवी कर रहा है। अब सरकार ने भी मोटे अनाजों से बने प्रसंस्कृत उत्पादों को नाश्ते और भोजन की थाली में शामिल करने की योजना बनाई है। प्रसंस्कृत उत्पादों को स्थानीय लोगों की उम्र एवं स्वाद के अनुरूप बनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि देश की 42 प्रतिशत जनसंख्या का मुख्य आहार स्टार्च युक्त भोजन है और 60 करोड़ लोग गंभीर रूप से कुपोषित हैं।

## पेट की थैली

**डॉ. सुरेश कुमार**

**एक बार** के लिए दोषी ने अपने पिता और पुत्र की ओर देखा और फिर जज कि ओर देखते हुए कहने लगा झ्र हाँ मैं मानता हूँ कि मैंने अपराध किया है। गैर-कानूनी तरीके से अपने बाप-दादा की जमीन अपने पिता और पुत्र की अनुमति के बिना बेचना अपराध है। किंतु मुझे ऐसा अपराध करने का कोई पछतावा नहीं है। यह अपराध न्यायसंगत है। मैंने जीवन में इससे भी बड़े कई अपराध किए हैं। उन अपराधों के लिए पछतावा है, लेकिन इसके लिए कतई नहीं। मेरी सबसे पहली गलती यह है कि मेरा जन्म निम्नवर्गीय परिवार में हुआ। दूसरी गलती यह कि मैने शादी की। अधिक संतानों को जन्म देकर तीसरी गलती की है। अपने पिता की कमजोर पड़ती आँखों का इलाज करवाने की बजाय उनसे जमीन के कागजात पर धोखे से हस्ताक्षर करवाये, यह मेरी चौथी गलती है। मेरी पाँचवीं गलती यह है कि मैंने इकलौते बेटे की ऊँची पढ़ाई के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। सोचा इसकी शादी बड़े घराने में होगी तो बेटियों की शादी के लिए दहेज की चिंता नहीं सताएगी। उसके चक्कर में बेटियों के साथ अन्याय कर बैठा। मेरी छठी गलती यह है कि मैंने दहेज देने की असमर्थता के चलते अपनी बड़ी बिटिया की शादी ऐसे कसाई से कर दी जो उसे हर दिन मारता-पीटता था। एक दिन वह चल बसा। अब बिटिया विधवा बनकर घर में बैठी है। सातवीं गलती यह है कि दूसरी बिटिया अपने पैरों पर खड़े होकर दो-चार पैसे क्या कमा रही थी कि मेरे मन में लालच पैदा हो गया। कहीं उसकी शादी हो गई तो घर में आने वाली आमदनी बंद न हो जाए। इसीलिए मैने कभी उसकी शादी नहीं की। मेरी आठवीं गलती यह है कि मेरी तीसरी बिटिया प्रेम विवाह करके घर छोड़कर चली गयी तो मैं दुखी होने के बजाय खुश होने लगा। सोचा किसी तरह बला टली। मैंने नवीं गलती अपनी चौथी बिटिया की पढ़ाई बंद करवाकर की है। वह पढ़ने में अव्वल है। बोर्ड परीक्षा में पूरे जिले में प्रथम आयी थी। मैंने उसकी पढ़ाई यह कहकर बंद करवा दी कि तुम कहीं ज्यादा पढ़-लिख लोगी तो तुम्हारे लिए पढ़ा-लिखा लड़का ढूँढ़ना होगा।

# पुलिस थानों में नाबालिगों के साथ डिटेंशन की रोकथाम आवश्यक

## -दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्यवाही का प्रावधान: सतीश चंद्र शर्मा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
किशोर न्याय बोर्ड मथुरा सदस्य सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि 18 वर्ष से कम आयु के विधि का उल्लंघन करने के आरोपित बालक को पुलिस थाने में विधि विरुद्ध रूप से निरोध करने तथा बालकों के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं जो कि किशोर न्याय बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम 2015 की मंशा एवं प्रावधानों के विपरीत होने के साथ साथ पुलिस हेतु निर्धारित बाध्यकारी प्रावधानों



की अवहेलना की श्रेणी में आते हैं। बालकों के विधि विरुद्ध निरोध से तात्पर्य 18 वर्ष से कम आयु के विधि का उल्लंघन करने के आरोपित वह बालक जिसे छोटे अपराध पेटी ऑफिंस अथवा गंभीर अपराध सीरियस ऑफिस में निरुद्ध किया गया हो। 18 वर्ष से कम आयु के विधि का उल्लंघन करने के आरोपित बालक जिसे किसी भी अपराध में 24 घंटे से अधिक समय यात्रा समय को छोड़कर पुलिस थाने पर निरोध किया गया हो।
पुलिस द्वारा छोटे एवं गंभीर अपराध के प्रकरणों में विधि का उल्लंघन करने के आरोपित बालक के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज (बालक द्वारा किसी वयस्क व्यक्ति के साथ अपराध की परिस्थितियों को छोड़कर) नहीं की जाएगी। ऐसे प्रकरणों में प्रथम सूचना रिपोर्ट के स्थान पर केवल दैनिक डायरी रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। नियम 8 की पालना में आरोपित बालक को केवल जघन्य अपराधों के प्रकरणों में ही निरुद्ध किया जाएगा। शेष प्रकरणों में पुलिस द्वारा बालक के अभिभावक से वचन पत्र लेकर उसकी अभिरक्षा उनको वापस सौप दी जाएगी और प्रकरण की सूचना किशोर न्याय बोर्ड को दी जाएगी कि अभिभावक बालक को निर्धारित तिथि पर बोर्ड के समक्ष लेकर प्रस्तुत होंगे। अधिनियम की धारा 10 के परंतुक के तहत किसी भी विधि का उल्लंघन करने के आरोपित बालक को पुलिस लॉकअप अथवा जेल में नहीं रखेगी। पुलिस थानों में आरोपित बालक के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार अथवा अनुचित व्यवहार नहीं किया जाएगा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में छह बकरियों की मौत



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
नौहझील थाना क्षेत्र के गांव चिंतागढ़ी में संदिग्ध परिस्थितियों में छह बकरियों की मौत हो गई। सुबह के समय बकरियां मरी देख सभी के होश उड़ गए। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर इलाका पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। गांव चिंतागढ़ी निवासी चुन्नी लाल भगतजी बकरियां पालकर परिवार का लालन पालन करते हैं। रात के समय बकरियां प्लाट में बंधी हुई थीं तभी अंधेरे का फायदा उठाकर किसी किसी ने घटना को अंजाम दिया। जिसमें छह बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई। बकरियों के शरीर पर निशान बने हुए थे। उपनिरीक्षक जितेन्द्र तेवतिया ने बताया कि बकरियों संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। वहीं ग्राम वासियों व पीड़ित ने जिलाधिकारी से मदद की गुहार लगाई है।

## न्यूज फ्लैश

### 154 घंटे का नॉन स्टॉप स्वच्छता अभियान

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
नगर निगम मथुरा वृंदावन महानगर को साफ सुथरा और सुंदर बनाने के लिए 154 घंटे का नॉन स्टॉप स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। नगर आयुक्त द्वारा रुस्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154 वीं जयन्ती के अवसर पर निकायों में महासफाई के लिए 26 सितम्बर से दो अक्टूबर तक 154 घंटे का नॉन स्टॉप स्वच्छता महासफाई अभियान चलाये जाने के लिए निर्देशित किया गया है। नगर निगम मथुरा वृंदावन द्वारा शासन के आदेशानुसार 154 घंटे महासफाई अभियान के दृष्टिगत भूतेश्वर जोन में नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी शिव कुमार गौतम, मुख्य सफाई निरीक्षक मुकेश शर्मा द्वारा 120 डोर टू डोर कूड़ा वाहनों को नगर में प्राथमिक कचरा संग्रहण के कार्य हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सफाई निरीक्षक केके सिंह, सफाई निरीक्षक विपिन सिंह एवं सैनिटेशन एक्सपर्ट रोहित वार्ष्णेय एवं नगर निगम के कमचारी उपस्थित रहे। नगर में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है आप सभी से निवेदन है कि 154 घंटे चलने वाले महा सफाई अभियान को सफल बनाने के लिए एवं नगर को साफ,स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम मथुरा वृन्दावन का पूर्ण सहयोग करें।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कोसीकलां में हाईवे स्थित गांव अजीजपुर में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिये भिजवाया है। गांव अजीजपुर निवासी राजेश सौरोत उम्र करीब 40 वर्ष पुत्र पूरन सौरोत का शव मंगलवार की सुबह अपने ही घर के एक कमरे में लटका मिला। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि राजेश की शादी करीब 12 साल पूर्व दिल्ली से हुई थी। काफी समय से पति पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। जिसके बाद उसकी पत्नी अपने मायके चली गई थी। यहां राजेश ही रह रहा था। विवाद के चलते वह बेहद परेशान था। मंगलवार की सुबह चार बजे जब उसकी मां जमुना उठकर बरामदे में पहुंची तो राजेश का शव फंदे पर झूल रहा था। चीख पुकार सुनकर तमाम लोग एकत्रित हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाया और पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। इंस्पेक्टर अनुज कुमार ने बताया कि तहरीर मिलेगी तो कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### 29 सितंबर से 13 अक्टूबर तक लगाए जाएंगे भर्ती शिविर

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद के ब्लॉकों में 29 सितंबर से 13 अक्टूबर तक सैनिक सुरक्षा जवान और सैनिक सुरक्षा सुपरवाइजर के लिए एसआईएस सिक्योरिटी इंडिया लिमिटेड न्यू दिल्ली के द्वारा भर्ती शिविर लगाए जाएंगे। भर्ती अधिकारी पीएन मल्लिक ने बताया है कि भर्ती के लिए सुरक्षा जवान की भर्ती की जाएगी। मिलने वाली सुविधाओं में पीएफ, ईएसआई, ग्रेच्युटी, पेंशन, मेडिकल इंश्योरेंस, बोनस और 65 वर्ष तक स्थाई नौकरी मिलेगी। 29 सितंबर को चौमुंहा ब्लॉक, तीन अक्टूबर को राया ब्लॉक, चार अक्टूबर को नंदगांव ब्लॉक, पांच अक्टूबर को मांट ब्लॉक, पांच अक्टूबर को फरह ब्लॉक, नौ अक्टूबर को नौहझील ब्लॉक, 10 अक्टूबर को गोवर्धन ब्लॉक, 11 अक्टूबर को बलदेव ब्लॉक, 12 अक्टूबर को छाता ब्लॉक तथा 13 अक्टूबर को मथुरा ब्लॉक में शिविर का आयोजन किया गया है। शिक्षित बेरोजगार अपने मूल दस्तावेज, आवेदन जमा कर सकते हैं। अभ्यर्थी मथुरा जिले या अन्य जिले का भी हो किसी भी ब्लॉक में भर्ती में शामिल हो सकते है। प्रशिक्षण के उपरांत ,लाल किला दिल्ली, एम्स हॉस्पिटल दिल्ली, बांके बिहारी मंदिर वृंदावन, अक्षय पात्र, आईआईटी कानपुर, मेट्रो कानपुर, हेल्थ हॉस्पिटल कानपुर, सासनी हाथरस, अलीगढ़, आरएमएल हॉस्पिटल दिल्ली, जेवर एयरपोर्ट नोएडा, सफदरजंग हॉस्पिटल दिल्ली, एलआईसी ऑफिस दिल्ली, कुतुब मीनार दिल्ली, मेरठ इंडस्ट्रीज एरिया, यमुना एक्सप्रेस आगरा टोल टैक्स, ताजमहल, लाल किला आगरा, फतेहपुर सीकरी दरगाह आगरा, धार्मिक स्थल, अस्पताल, बैंक, एयरपोर्ट, मैट्रो, होटल एवं निजी इंडस्ट्रीज में ड्यूटी दी जायेगी।

### 725 ग्राम गांजे के साथ पकडा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना सदर बाजार पुलिस ने गांजे के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से कुल 725 ग्राम गांजा बरामद किया गया है।

## शिविर में श्रमिकों को दी अधिकारों की जानकारी



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
वृन्दावन में निमार्णाधीन चार धाम में श्रम विभाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में निर्माण कार्य में संलग्न श्रमिकों के लिए जागरूकता कैम्प का आयोजन किया गया। सहायक श्रमायुक्त एमएल पाल द्वारा उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा निर्माण श्रमिकों के हितार्थ संचालित कल्याणकारी योजनाओं जैसे मातृत्व शिशु बालिका मदद योजना, संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना,कन्या विवाह योजना और मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अपर जिला जज नीरू शर्मा द्वारा उपस्थित श्रमिकों को कानूनों के बारे में जानकारी देते हुए आश्वस्त किया गया कि श्रमिकों को हर प्रकार की विधिक सहायता हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तत्पर है। मौके पर श्रमिकों का पंजीकरण भी किया गया। अन्त में निर्माण स्थल के प्रबंधक द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## नाले में गिरे परिक्रमार्थी को पुलिस की मदद से बाहर निकाला

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
सोमवार की देर रात वृंदावन परिक्रमा मार्ग में उस समय लोगों की भीड़ जुट गई जब यहां निकुंज वन आश्रम के समीप नाले में एक युवक गिर गया। युवक परिक्रमा दे रहा था। करीब आठ फीट गहरे नाले में गिरे युवक को स्थानीय लोगों ने बाहर निकालने के प्रयास शुरू किया, जब युवक बाहर नहीं निकाला जा सकता तो इसकी सूचना पुलिस को दी। करीब एक घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। इस दौरान परिक्रमार्थियों की भीड़ लग गई। पुलिस की मदद से युवक को बाहर निकाला गया। उसने अपना नाम काषीनाथ बताया। काशीनाथ करीब दो किलोमीटर ही परिक्रमा मार्ग में चला होगा कि नशा उस पर हावी हो गया और वह नाले में गिर पड़ा।

## भगवान रंगनाथ ने किया नौका विहार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तर भारत के विशालतम दक्षिण भारतीय शैली के रँगनाथ मन्दिर में सोमवार से 3 दिवसीय नौका विहार उत्सव का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय इस उत्सव में भगवान रंगनाथ माता गोदा के साथ नौका में विराजमान हुए और पुष्करणी सरोवर में बिहार किया।भगवान के नौका बिहार के दर्शन कर भक्त अभिभूत हो उठे और लगाने लगे भगवान गोदारनगमन्नार के जयकारे। द्वापर युग में भगवान कृष्ण ने राधा रानी के साथ नौका विहार किया था। तभी से मंदिरों में भगवान को एक बार नौका बिहार कराने का भाव भक्त रखते हैं। सोमवार को दक्षिण भारतीय शैली के रँगनाथ मन्दिर में भगवान गोदारनगमन्नार ने पुष्करणी सरोवर में नौका बिहार



किया। इस दौरान भगवान की नौका बिहार सवारी ने पुष्करणी के 5 चक्कर(परिक्रमा) लगाए। नौका बिहार से पूर्व भगवान रँगनाथ और माता गोदा की सवारी स्वर्ण पालकी में विराजमान होकर निज मंदिर से निकलकर परिक्रमा करते हुए बारहद्वारी के समक्ष पहुँची। जहाँ मन्दिर के सेवायतों ने भगवान की आरती की। परंपरागत वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनि के बीच भगवान की सवारी पुष्करणी सरोवर पर पहुंची ।जहां भगवान को पूरे विधि विधान से नौका पर बनाये गए झूले में विराजमान किया गया। भगवान के नौका विहार से पूर्व मंदिर के कर्मचारियों ने नौका को रंग विरंगी लाइटों से सजाया। शाम को जैसे ही छह बजे करीब भगवान रंगनाथ नौका में विराजमान हुए। पूरा पुष्करणी सरोवर ध्वज और रोशनी से जगमग हो उठा।

# राजस्थान सरकार ने मंदिरों के लिए खोला खजाना

**दौरा**

**8 -राजस्थान की देवस्थान विभाग मंत्री शकुंतला रावत उत्तर प्रदेश के ब्रज क्षेत्र में पहुंची।**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
राजस्थान की देवस्थान विभाग मंत्री शकुंतला रावत दो दिवसीय दौरे पर उत्तर प्रदेश के ब्रज क्षेत्र में पहुंची। जहां उन्होंने राजस्थान सरकार की संपत्तियों और मंदिरों की जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने देवस्थान विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये हैं। मंत्री शकुंतला रावत



शनिवार को सबसे पहले गोवर्धन पहुंची वहां उन्होंने पूजार्चना के उसके बाद वह मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि पहुंची वहां मंदिरों के दर्शन करने के बाद सीधे वृंदावन पहुंचे। रात्रि विश्राम वृंदावन में किया। सहायक आयुक्त के साथ बैठक की इस मौके पर उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार मंदिरों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है और राजस्थान के सभी मंदिरों के लिए उन्होंने पूजा पाठ और पोशाक के लिए धन आवंटित किया है। 593 मंदिरो के लिए 593 लाख रुपए आवंटित किए हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने वृंदावन के राधा माधव मंदिर जयपुर मंदिर के नाम से जो प्रसिद्ध है उसके लिए 6 करोड़ 49 लाख रुपये एवं बरसाना के मंदिर के लिए 2 करोड़ 59 लाख रुपये आवंटित किए हैं। इसमें टूट फूट पेंटिंग्स शौचालय सफाई सहित मंदिरों के संरक्षण के लिए धनराशि खर्च की जाएगी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में राजस्थान के देवस्थान विभाग की काफी संपत्तियां हैं उनके संरक्षण और संवर्धन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राजस्थान के बड़े मंदिरों में भी राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंदिरों के लिए काफी पैसा दिया है और जहां हर मंदिर में पानी की व्यवस्था, श्रद्धालु आराम से दर्शन कर सकें इसके लिए सभी बड़े मंदिरों में एक कॉरिडोर बनाने का भी निर्णय लिया है। जिससे श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं हो।
राजस्थान के मुख्यमंत्री की जनकल्याण योजनाओं आज पूरे राजस्थान सहित देश के लिए वरदान साबित हो रही हैं। केंद्र सरकार भी राजस्थान की योजनाओं का लोहा मान रहा है ।उन्होंने बताया की चाह स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो पर्यटन के क्षेत्र में हो शिक्षा के क्षेत्र में हो सभी क्षेत्रों में राजस्थान अव्वल नंबर पर है।

## देश के महान संत थे कनुआ बाबा: राजेश



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कोरी माहौर समाज के प्रवर्तक कनुआ बाबा के मेले में विधायक राजेश चौधरी ने कहा कि कनुआ बाबा देश के महान संत थे। उन्होंने समाज को एकता के सूत्र में पिरोने के साथ साथ राष्ट्र सेवा का पाठ पढ़ाया।
विधायक ने कोरी समाज के लोगों को शुभकामनाएं दी। कनुआ बाबा मेले में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे विधायक राजेश चौधरी ने नौहझील मांट मुख्य मार्ग से कनुआ बाबा मंदिर तक इंटरलॉकिंग सड़क का शिलान्यास किया। उसके बाद मंदिर परिसर में ही कमरा और बरामदे का शिलान्यास किया। विधायक ने कोरी समाज की झलकारी बाई के संबंध में कहा कि रानी लक्ष्मीबाई की हम शकल झलकारी बाई ने विरोधियों के छक्के छुड़ा दिए। झलकारी बाई की वीरता के किस्से इतिहास में पढ़ने को मिलते हैं। ब्लॉक प्रमुख सुमन चौधरी ने कोरी समाज द्वारा दिए गए सम्मान के प्रति आभार जताया। नौहझील के प्रधान प्रशांत गुप्ता ने एवं कोरी समाज के लोगों ने बाहर से आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण कर एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस मौके पर बुद्धा सिंह माहौर, भीम सिंह माहौर, हरिचंद, दुलीचंद नानक चंद, खेमचंद, महेंद्र सिंह, सतपाल, राजू, राकेश प्रधान, अरविंद प्रधान, केदार सिंह प्रधान, राजू सरपंच, मनीष जिंदल, हरेंद्र शर्मा, उमाकांत कटरा, पप्पू माहौर बीडीसी आदि उपस्थित थे।

## खाद्य विभाग ने गोवर्धन क्षेत्र में चलाया पंजीकरण अभियान

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
मंगलवार को खाद्य विभाग द्वारा गोवर्धन व सौंख क्षेत्र में निरीक्षण और पंजीकरण अभियान चलाया गया। व्यापारियों को खाद्य पंजीकरण कराने के लिए उन्मुख किया गया। करीब 50 पंजीकरण भी कराए गए। मंगलवार को गोवर्धन अड्डा के नजदीक खाद्य विभाग की टीम ने जिला खाद्य अधिकारी शिव प्रकाश तिवारी के निर्देशन में जांच और पंजीकरण अभियान चलाया गया। विभागीय टीम ने दुकानदारों को खाद्य पंजीकरण के लिए प्रेरित किया।जिन व्यापारियों के पास पंजीकरण नहीं था उनका पंजीकरण किया गया। करीब 50 पंजीकरण भी किए गए। इस बारे में जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिव प्रकाश तिवारी ने बताया कि शासन के निर्देश पर पंजीकरण के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

## जुलूस ए मोहम्मदी को लेकर थाने में हुई पीस कमेटी की बैठक

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कोसीकलां थाना परिसर में जुलूस ए मोहम्मद के आयोजन को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीओ गौरव त्रिपाठी ने की। जिसमें जुलूस कमेटी के पदाधिकारी एवं संभ्रांत व्यक्ति सम्मिलित हुए। त्यौहार को सकुशल संपन्न करने के लिए शांति व्यवस्था अपील की गयी। मंगलवार को थाना परिसर में हुई पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए सीओ छाता गौरव त्रिपाठी ने जुलूस ए मोहम्मदी के आयोजन को लेकर समस्त जानकारी ली। साथ ही



शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी पदाधिकारियों से आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी लोग त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक नारेबाजी अफवाह व नई परंपरा न कायम करें। त्योहार भाईचारे का होता है। इसलिए सभी लोग त्यौहार को शांति पूर्ण रूप से मनाए और पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें। कमेटी के पदाधिकारियों ने अवगत कराया कि जुलूस मदरसा रजा ए मुस्तुफा पशु पैंठ से शुरू होकर बल्देवगंज चौराहा, सराय शाही, मैन बाजार, भगवती रोड, थाना रोड, अंबेडकर पार्क रेलवे स्टेशन होता हुआ पुराना जीटी रोड, शेरगढ़ चौराहा, घंटाघर, बल्देवगंज चौराहा, निकासा से मदरसा रजा-ए-मुस्तुफा पर समाप्त होगा। इस मौके पर इस्लाम ठेकेदार, शाहिद कुरैशी, शमशेर अली, तौफीक मैंबर, मौसिम उस्ताद, निजामुद्दीन उस्ताद, अनवार उर्फ अन्नू मुल्ला, रहीश, फरीद चौधरी, आलिम, इस्लाम, अल्ताफ हुसैन, रहीश अंडे वाले, तस्लीम पेंटर, इमरान, हाफिज बिलाल, हाफिज मजहर आदि लोग मौजूद रहे।

# पोषण माह : आंगनबाड़ी केन्द्रों पर लगी पोषण की पाठशाला

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
पोषण माह के आखिरी सप्ताह में सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषण पाठशाला का आयोजन एवं केंद्र पर राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुए देश के वीर सपूतों के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई। केंद्र पर आने वाले छोटे बच्चों को देश के महान सपूतों के बारे में जानकारी देने के लिए आज की गतिविधि आयोजित की गई। आज सुबह केंद्रों की साफ सफाई करके कार्यकताओं ने छोटे छोटे बच्चों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और बच्चों को देश की स्वतन्त्रता में योगदान करने वाले महान व्यक्तित्व जैसे महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू, भगत सिंह



चंद्रशेखर आजाद, सरोजनी नायडू जैसे महान विभूतियों के बारे में जानकारी दी। जिससे बच्चों को अपने गौरवशाली इतिहास और महत्वपूर्ण विभूतियों के बारे में अभी से जानकारी मिल सके। केंद्रों पर आज मुख्यालय से आयोजित पोषण पाठशाला का सीधा प्रसारण भी कार्यकताओं ने अपने मोबाइल पर देखा। कार्यकताओं ने साथ ही केंद्र की लाभार्थी महिलाओं एवं किशोरियों ने केंद्र पर उपस्थित होकर पोषण पाठशाला में प्रतिभाग किया आज की पाठशाला में कुपोषण के मुख्य कारण क्या है ,कुपोषण के विभिन्न प्रकार पर विस्तार से जानकारी दी। छह माह तक के बच्चे के पोषण स्तर को अच्छा बनाने के लिए किन बातों पर ध्यान रखना चाहिए इस पर वक्ताओं ने विशेष रूप से प्रकाश डाला ।
वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डा. ए. के. रावत एवं यूनिसेफ के न्यूट्रीशन ऑफिसर डा. रवीश ने बच्चों का वजन लेने एवं उनकी लंबाई मापने का सही तरीका बताया साथ ही साथ छह माह तक स्तनपान और उसके बाद बच्चों के समय से ऊपर का भोजन देने पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। डॉ. रावत ने माताओं को अपने बच्चों को बिस्किट ,चिप्स जैसे रेडीमेड खाद्य वस्तुएं एवं दूध में चीनी डालकर न देने की सलाह दी क्योंकि इससे बच्चों का वजन तो बढ़ जाता है किन्तु उनके शरीर को पोषण नहीं मिलता है ।

# इनर व्हील क्लब के तीन दिवसीय कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
वृंदावन में इनर व्हील क्लब की तीन दिवसीय मीट व रैली का उद्घाटन दिल्ली से आए हुए इस्कॉन के ऋषि कुमार दास द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संध्या गुप्ता जिला सचिव मनीषा ,प्रोग्राम कनविनर लता गोयल,नीलू सिंहजी, मंडल कोषाध्यक्ष ज्योति मित्तल विशेष रूप से उपस्थित रहे। बाहर से आई लगभग 450 महिलाओं ने इसमें भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मथुरा इनर व्हील क्लब द्वारा प्रस्तुत नृत्य



नाटिका द्रौपदी रही। इस नाटक में समाज की महिलाओं को यह संदेश दिया गया कि आज द्रौपदी की रक्षा के लिए से कृष्णा नहीं आएंगे प्रत्येक स्त्री को अपनी रक्षा स्वयं करनी चाहिए। नाटक में डॉक्टर पूनम, मंजू अग्रवाल, मंजू गर्ग, सुधा खंडेलवाल, चारु सिंगल, लता गोयल, मीनाक्षी गर्ग, रेखा महेश्वरी, रंजन मित्तल, शशी कालरा, रजनी अग्रवाल, शिल्पी गर्ग, दीपा भार्गव ने मुख्य भूमिका निभाई। स्पृहा मेरी तमन्ना के अंतर्गत एक वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## रूस ने यूक्रेन के हमले को विफल किया, 11 ड्रोन मार गिराए

**मास्को।** रूस ने देररात यूक्रेन के हमले को विफल कर दिया। यूक्रेन ने रूस के बेलगोरोड और कुर्स्क क्षेत्र को निशाना बनाया। रूस की रक्षा वायु प्रणाली ने यूक्रेन के 11 ड्रोन मार गिराए। मीडिया



रिपोर्ट्स में यह जानकारी रूसी रक्षा मंत्रालय के हवाले से दी गई है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर कहा कि बेलगोरोड में सात और कुर्स्क क्षेत्र में कुल चार ड्रोन गिराए गए। हालांकि, मंत्रालय ने इस दौरान कितने लोग हताहत हुए हैं, इसकी कोई जानकारी नहीं दी है। उल्लेखनीय है कि बेलगोरोड और कुर्स्क दोनों क्षेत्र यूक्रेन की सीमा पर हैं। रूस की इस कार्रवाई पर यूक्रेन ने अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि रूस ने सोमवार को यूक्रेन के ओडेसा में ताबड़तोड़ ड्रोन व मिसाइल हमलों से अनाज भंडारण केंद्रों व बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया। इसमें चार लोगों की मौत हो गई।

## नागोरनो-काराबाखः तेल डिपो में हुए ब्लास्ट में 20 शरणार्थियों की मौत, आर्मेनिया ने लगाया-जातीय संहार का आरोप

**मास्को।** अजरबैजान के नागोरनो-काराबाख इलाके में एक तेल डिपो में हुए विस्फोट में अब तक 20 लोगों की मौत की खबर है। हादसे में सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, करीब 300 लोग घायल हैं, जिन्हें अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घायलों में से कई की हालत गंभीर है। ऐसे में मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। आर्मेनिया ने इस धमाके को जातीय संहार करार दिया है। अभी तक विस्फोट का कारण पता नहीं चला है।

**बढ़ सकता है मृतकों का आंकड़ा**

खबर के अनुसार, घटना नागोरनो काराबाख के स्टेपानाकेर्ट शहर में घटी। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि 13 लोगों के शव बरामद हुए हैं और सात लोगों की अस्पताल में इलाज के दौरान जान गई। शवों को पहचानने के प्रयास किए जा रहे हैं। आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पेशिनयान ने कहा है कि इलाके में जातीय संहार किया जा रहा है। वहीं अजरबैजान ने कहा है कि वह पारंपरिक आर्मेनियन्स को अपने साथ सम्मिलित करना चाहता है और सभी को समान मानता है।

**लंबे समय से है विवाद**

बता दें कि नागोरनो काराबाख एक पहाड़ी इलाका है ,जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अजरबैजान का इलाका माना जाता है लेकिन इसे बीते तीन दशकों से आर्मेनियाई लोगों द्वारा नियंत्रित किया जाता है। रूस भी इस मामले में आर्मेनिया का समर्थन करता है। बीते हफ्ते अजरबैजान की सेना ने वहां ऑपरेशन चलाया, जिसमें 200 से ज्यादा आर्मेनियाई नागरिकों की मौत हो गई थी। अब नागोरनो काराबाख इलाके से आर्मेनियाई लोगों ने पलायन शुरू कर दिया है। यही वजह है कि पलायन के बीच तेल डिपो में हुए धमाके में लोगों की मौत को आर्मेनिया ने जातीय संहार करार दिया है।

## 'हमें दोनों देशों की परवाह है', भारत-कनाडा विवाद के बीच आया अमेरिकी राजदूत का बयान

**वाशिंगटन।** भारत में अमेरिकी राजदूत , एरिक गार्सेटी ने कहा कि अमेरिका, भारत और कनाडा दोनों के साथ अपने संबंधों की परवाह करता है। भारत-कनाडा विवाद के बीच मंगलवार को अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने मीडिया से कहा कि हम दोनों देशों की परवाह करते हैं, और हमें उनके संबंधों की चिंता है। दोनों के साथ हमारा रिश्ता बहुत मजबूत है। मुझे लगता है कि हम सभी को यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि हम उन देशों के रूप में एक साथ आ सकें जो संप्रभुता को गंभीरता से लेते हैं, सुरक्षा को और हमारे रिश्ते की क्षमता को गंभीरता से लें। गार्सेटी की यह टिप्पणी अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर के उस बयान के तुरंत बाद आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा भारत में नामित आतंकवादी हरदीप निज्जर की हत्या को लेकर अमेरिका चिंतित है। विदेश विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि हम प्रधान मंत्री ट्रूडो द्वारा संदर्भित आरोपों से गहराई से चिंतित हैं। जैसा कि सचिव ने कहा, हम अपने कनाडाई सहयोगियों के साथ निकट संपर्क में हैं। इस बीच, भारत में अमेरिकी दूत जो 13वें द्विवार्षिक इंडो-पैसिफिक आर्मीज चीफ्स कॉन्फ्रेंस ( आईपीएसीसी ) में भाग ले रहे थे, ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत फिर से दुनियाभर से छात्रों का नंबर एक स्रोत होगा और अमेरिका 10 लाख वीजा के फैसले के बहुत करीब है।

# कनाडा के जिस प्रांत में हुई निज्जर की हत्या, वहीं के गवर्नर ने जताई ट्रूडो के बयान पर आपत्ति

**ओट्टावा।** कनाडा में खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारत पर आरोप लगाकर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो बुरी तरह फंस गए हैं। दरअसल, जिस ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में निज्जर की हत्या हुई, वहीं के गवर्नर डेविड एबी ने ट्रूडो के बयान पर आपत्ति जताई है। इसी वर्ष जून में कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के सरे शहर में खालिस्तान समर्थक अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या हो गयी थी। तीन माह बाद कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने इस हत्याकांड के लिए भारत को जिम्मेदार ठहरा कर दोनों देशों के राजनयिक संबंधों को तो खराब किया ही, अपने देश के भीतर भी फंस गए हैं। अब कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के प्रीमियर डेविड एबी ने जस्टिन ट्रूडो से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है



कि अगर ट्रूडो के पास निज्जर की हत्या को लेकर खुफिया सूचना थी तो उन्हें ब्रिटिश कोलंबिया की सरकार के साथ इसे साझा करना चाहिए था। डेविड एबी ने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से मुलाकात कर इस मसले पर अपनी आपत्ति जाहिर कर दी है। ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के प्रीमियर डेविड एबी ने मीडिया से बात करते हुए जस्टिन ट्रूडो द्वारा संसद में दिए बयान पर यह कह कर आपत्ति जताई है कि राज्य सरकार के साथ खुफिया सूचना पहले साझा की जानी चाहिए थी। डेविड एबी ने कहा कि कानून के मुताबिक 'कनाडिएन सिक्योरिटी इंटेलीजेंस सर्विस को संघीय सरकार के साथ खुफिया सूचना साझा करनी होती है। उन्होंने कहा कि उन्हें जो जानकारी दी गई, वो सारी बातें पब्लिक डोमेन में भी थी, जिससे कोई फायदा नहीं होगा। इससे अच्छा तो वे अखबार पढ़ लेते। उन्होंने कहा कि संघीय सरकार को विदेशी हस्तक्षेप या अंतरदेशीय संगठित अपराध की खुफिया सूचनाएं प्रांतीय सरकारों के साथ भी साझा करनी चाहिए ताकि हम उन लोगों की सुरक्षा के लिए कदम उठा सकें, जिन्हें खतरा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ट्रूडो के आरोपों को सुन कर वह बेहद नाराज हैं।

# जयशंकर न्यूयॉर्क में मिले संयुक्त अरब अमीरात के विदेशमंत्री से



**न्यूयॉर्क।** भारत के विदेशमंत्री डॉ. एस जयशंकर ने यहां संयुक्त अरब अमीरात के विदेशमंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की। दोनों के बीच क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हुई। विदेशमंत्री जयशंकर ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर मुलाकात का फोटो अपलोड कर लिखा है- भारत द्विपक्षीय सहयोग में तीव्र प्रगति की सराहना करता है। इस समय इस बात की ज्यादा जरूरत है कि क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर हम अपने-अपने दृष्टिकोण का नियमित आदान-प्रदान करें।उल्लेखनीय है कि विदेशमंत्री जयशंकर शुक्रवार से अमेरिका की नौ दिवसीय यात्रा पर हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा के वार्षिक सम्मेलन के बाद एस जयशंकर वाशिंगटन डीसी भी जाएंगे।

# कनाडा में खालिस्तान समर्थकों के हौसले पस्त, प्रदर्शन में नहीं जुटे दो दर्जन लोग

**ओट्टावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा खालिस्तान समर्थकों के हौसले बुलंद करने की कोशिशें सफल नहीं हो सकी हैं। खालिस्तान समर्थकों को कनाडा में ही समर्थन नहीं मिल रहा है और उनके हौसले पस्त हो गए हैं। भारतीय दूतावासों पर प्रदर्शन की उनकी योजना सफल नहीं हो सकी और उनमें दो दर्जन लोग भी नहीं जुट सके। खालिस्तान समर्थकों के प्रदर्शन की घोषणा के चलते ओट्टावा, टोरंटो और वैंकूवर में भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। खालिस्थान समर्थक अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने निज्जर की हत्या के लिए भारत सरकार को कठघरे में खड़ा कर दिया था। इसके बाद दोनों देशों के राजनयिक संबंध बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। इससे खालिस्तान समर्थकों के हौसले भी बुलंद हुए थे, किन्तु सड़क पर उतरते ही उनके हौसले पस्त हो गए। दरअसल खालिस्तान समर्थक समूह सिख फॉर जस्टिस कनाडा के ओटावा, टोरंटो और वैंकूवर स्थित भारतीय दूतावासों पर प्रदर्शन का एलान किया था। इसके लिए इन



दूतावासों की सुरक्षा भी बढ़ा दी गयी थी। भारतीय दूतावासों को बैरिकेड्स से घेर दिया गया था।

सिख फॉर जस्टिस के निदेशक जतिंदर सिंह ग्रेवाल ने कनाडा से भारतीय राजदूत को निष्कासित करने की मांग को लेकर प्रदर्शन की बात कही थी, किन्तु ये प्रदर्शन फुस्स साबित हुए। प्रदर्शनों में कनाडाई सिख भी नहीं जुटे। कुल मिलाकर दो दर्जन लोगों को जुटाना भी मुश्किल हो गया। ऐसे में प्रदर्शनकारी दूतावासों के पास तक पहुंचे ही नहीं। जो लोग प्रदर्शन करने गए थे, उनके हाथ कनाडा का झंडा भी था। ये लोग तख्तियों पर कनाडा के प्रधानमंत्री के लिए धन्यवाद का संदेश लिख कर लाए थे। इन लोगों ने भारतीय तिरंगे का अपमान किया और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी की। संख्या न जुटा पाने से प्रदर्शन प्रभावी नहीं हुआ और खालिस्तान समर्थक निराश नजर आए।

# संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद बैठक स्थल के सामने गूंजी आजाद बलूचिस्तान की मांग

**जेनेवा।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में लोग अत्यधिक परेशान हैं। वहां पाकिस्तानी सेना मौलिक अधिकारों का हनन तो कर ही रही है, लोगों की हत्याएं तक कर रही है। जेनेवा में चल रही संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद बैठक स्थल के सामने आजाद बलूचिस्तान की मांग गूंजी। बलूचिस्तान की आजादी के समर्थन में पोस्टर-बैनर लगाने के साथ पाकिस्तानी सेना के खिलाफ प्रदर्शन भी हो रहे हैं।

स्विटजरलैंड के जेनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद की बैठक चल रही है। बैठक स्थल के बाहर बलूचिस्तान की आजादी के समर्थकों ने तमाम बैनर लगाए हुए हैं। बीच-बीच में पाकिस्तानी सेना के खिलाफ प्रदर्शन भी चल रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के कार्यालय के बाहर बलूचिस्तान की आजादी के समर्थकों ने तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया है। इस फोटो प्रदर्शनी के जरिए बलूचिस्तान में हो रहे मानवाधिकारों के हनन को दर्शाया गया है। बलोच वॉइस एसोसिएशन के अध्यक्ष मुनीर मेंगल ने कहा कि ये लोग संयुक्त राष्ट्र



**बलूचिस्तान की आजादी के समर्थन में पोस्टर-बैनर लगाने के साथ पाकिस्तानी सेना के खिलाफ प्रदर्शन भी हो रहे हैं।**

मानवाधिकार परिषद की बैठक के बीच जेनेवा में बैठक स्थल के सामने एकत्र होकर संयुक्त राष्ट्र संघ का ध्यान बलूचिस्तान की तरफ आकर्षित करना चाहते हैं। बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना लोगों को मौलिक अधिकारों का हनन कर रही है। वहां पाकिस्तानी सेना बलूचों पर कहर ढा रही है। पाकिस्तानी सेना लोगों का अपहरण कर लेती है और जिन लोगों का अपहरण किया जाता है, उनके शव अलग-अलग इलाकों में मिलते हैं। उन्होंने पाकिस्तान से मुक्त आजाद बलूचिस्तान की मांग की।

# बदलेगी इमरान खान की जेल, हाई कोर्ट ने अदियाला भेजने को कहा

**इस्लामाबाद।** पचास दिन से अटक जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अब जेल में अधिक सुविधाएं मिल सकेंगी। इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने उन्हें अटक जेल से हटा कर रावलपिंडी की अदियाला जेल भेजने के निर्देश दिए हैं।

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में सजा होने के बाद पांच अगस्त को गिरफ्तार कर अटक जेल में रखा गया था। बाद में इस्लामाबाद हाई कोर्ट से भ्रष्टाचार मामले में



उनकी सजा निलंबित होने के बावजूद वे जेल से बाहर नहीं आ सके थे।

दरअसल वे बाहर आते उससे पहले ही उनके खिलाफ सरकारी गोपनीयता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। इमरान पर प्रधानमंत्री रहते गुप्त दस्तावेज लीक करने का आरोप है। 13 सितंबर को उनकी न्यायिक हिरासत 26 सितंबर तक बढ़ा दी गयी थी। इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने अटक जेल में पूर्व प्रधानमंत्री को अपेक्षित सुविधाएं न मिलने की बात कह कर उन्हें अटक जेल से हटाने की मांग की थी। इमरान की पत्नी बुशरा बीबी ने भी इमरान खान की जान को खतरा बताया था। इस मामले में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी ने इस्लामाबाद हाई कोर्ट में याचिका दायर कर इमरान खान को अटक जेल से उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल भेजने की मांग की थी। हाई कोर्ट ने अधिकारियों से पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को पंजाब प्रांत के अटोक जेल से निकाल कर रावलपिंडी की अदियाला जेल में रखने का आदेश दिया है।

# यूक्रेन का दावा, हमले में रूस के काला सागर बेड़े के कमांडर विक्टर सोकोलोव समेत 34 अधिकारी ढेर

**कीव।** यूक्रेन की सेना ने दावा किया है कि उसने रूस के काला सागर बेड़े के मुख्यालय में हमला कर 34 अधिकारियों को ढेर कर दिया। इनमें मुख्यालय के कमांडर एडमिरल विक्टर सोकोलोव भी शामिल हैं। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स में यूक्रेन की सेना के इस दावे को प्रमुखता दी गई है। रिपोर्ट्स में यूक्रेन के दावे की सत्यता की पुष्टि नहीं की गई है। यूक्रेन की सेना की तरफ से सोमवार को



कहा गया है कि उसने पिछले सप्ताह एक मिसाइल हमले में रूस के काला सागर बेड़े के कमांडर और 33 अन्य अधिकारियों को मार डाला। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि अगर इसकी पुष्टि हो जाती है तो यह नुकसान पिछले साल बेड़े के प्रमुख जहाज के डूबने के बाद से रूसी नौसेना के लिए सबसे अधिक नुकसानदेह होगा।

मीडिया रिपोर्ट्स में साफ किया गया है कि यूक्रेन के दावे पर मॉस्को के रक्षा मंत्रालय से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं मिल पाई है। साथ ही यूक्रेन के दावे को स्वतंत्र रूप से सत्यापित नहीं किया जा सका है। काला सागर बेड़े के कमांडर विक्टर सोकोलोव मास्को की नौसेना में सबसे वरिष्ठ अधिकारियों में से एक हैं। यूक्रेन के विशेष अभियान बलों ने कहा कि शुक्रवार को मिसाइल से क्रीमिया के सेवस्तोपोल शहर में बेड़े के मुख्यालय पर हमला किया गया। उस वक्त वहां रूस के सैन्य अधिकारी बैठक कर रहे थे।

## काम आया भारत का दबाव, श्रीलंका ने नहीं दी चीनी नौसेना के जासूसी जहाज को लंगर डालने की अनुमति

**कोलंबो।** श्रीलंका ने चीनी नौसेना के जासूसी जहाज को श्रीलंका के बंदरगाह पर लंगर डालने की अनुमति नहीं दी है। इस संबंध में भारत का दबाव काम आया है। स्वयं श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने जानकारी दी कि उनकी सरकार ने चीन के जहाज को श्रीलंका में रुकने की इजाजत नहीं दी है।

चीन के जासूसी जहाज शिन यान-6 को अगले माह अक्टूबर में पूर्वी श्रीलंका के बंदरगाह पर पहुंच कर तीन माह तक वहां रुकना था। भारत ने जासूसी की



आशंका जताते हुए इस पर आपत्ति जताई। अब श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने कहा है कि श्रीलंका ने चीनी जहाज को अक्टूबर में श्रीलंका आने की इजाजत नहीं दी है। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने इसे लेकर चिंता जाहिर की थी, जो कि सही है और श्रीलंका के लिए भी बहुत अहम है। श्रीलंका ने हमेशा कहा है कि श्रीलंका अपने क्षेत्र को सुरक्षित रखना चाहता है। भारत की चिंताएं भी श्रीलंका के लिए महत्वपूर्ण हैं।

श्रीलंका के प्रधानमंत्री रानिल विक्रमासिंघे ने भी कहा कि विदेशी जहाजों के श्रीलंका आने और यहां के क्षेत्र में कोई गतिविधि करने को लेकर एक एसओपी बनाई गई है। विदेशी जहाजों के श्रीलंका आने और इसे लेकर भारत की चिंताओं पर अली साबरी ने कहा कि भारत इसे लेकर लंबे समय से चिंता जता रहा है। ऐसे में हमने एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर) तैयार किया है, जब हम एसओपी बना रहे थे तो हमने कई मित्र देशों से इसे लेकर चर्चा की, जिनमें भारत भी शामिल है। जब तक चीजें हमारे एसओपी के हिसाब से चलेंगी तो हमें कोई दिक्कत नहीं है लेकिन अगर एसओपी का उल्लंघन हुआ तो हमें इससे दिक्कत होगी। अली साबरी ने कहा कि श्रीलंका ने चीन के जहाज को रुकने की इजाजत नहीं दी लेकिन उन्होंने ये भी कहा कि अभी बातचीत जारी है।

# नेपाल और चीन के बीच द्विपक्षीय बैठक के बाद 12 समझौतों पर हुए हस्ताक्षर

**काठमांडू।** चीन यात्रा पर गए प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' की चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद 12 समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। नेपाल और चीन के बीच हुए समझौतों की जानकारी यात्रा के समापन पर संयुक्त बयान में दी जाएगी।

प्रधानमंत्री सचिवालय की तरफ से बताया गया है कि बीजिंग में दोनों देशों के बीच कृषि, शिक्षा, विज्ञान, भौतिक पूर्वाधार सहित 12 समझौते हुए हैं। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने कहा कि द्विपक्षीय बैठक में समझौतों के अलावा जिन मुद्दों पर सहमति बनी है, उसके बारे में 'प्रचंड' की यात्रा के समापन पर संयुक्त वक्तव्य जारी किया जाएगा।

इन मुद्दों पर हुए समझौते

1. चीन के प्रेस तथा प्रकाशन विभाग और नेपाल के प्रज्ञा प्रतिष्ठान के बीच चीन के प्राचीन ग्रन्थों और साहित्य सामग्रियों का नेपाली भाषा में प्रकाशन तथा वितरण के लिए चीन सरकार आर्थिक सहायता देगी

2. नेपाल और चीन सीमा से सटे हिल्सा-सिमीकोट सड़क परियोजना निर्माण कार्य पर भौतिक योजना मंत्रालय और चीन के विकास मंत्रालय के बीच करार

3. चीन के आयुर्वेदिक और पारम्परिक औषधि बनाने के लिए नेपाल से वनस्पति और जड़ी-बूटी सामग्री भेजने तथा नेपाल में इसके विकास के लिए चीन की तरफ से आर्थिक और तकनीकी सहयोग प्रदान करने के लिए नेपाल के कृषि मंत्रालय और चीन के कृषि विभाग के बीच प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर

4. 1981 में हुए नेपाल-चीन व्यापार तथा पेमेंट सम्बन्धी समझौता पुनरावलोकन और परिवर्तन करने के लिए संयुक्त प्राविधिक कार्य समूह स्थापना सम्बन्धी समझदारी पत्र पर हस्ताक्षर

5. कृषि क्षेत्र में चीन नेपाल को आधुनिक तकनीक देगा, कृषि संबंधी सामग्री अनुदान में देने और नेपाल के कृषि क्षेत्र में विकास के लिए नेपाल के तराई के जिलों में नमूना कृषि क्षेत्र बनाने पर सहयोग संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर

6. चीन के राष्ट्रीय विकास तथा सुधार आयोग तथा नेपाल के वन तथा वातावरण मंत्रालय के बीच हरित तथा न्यून कार्बन उत्सर्जन संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर

7. चीन के राष्ट्रीय विकास तथा सुधार आयोग के द्वारा नेपाल के राष्ट्रीय योजना आयोग के आधुनिकीकरण, तकनीकी विकास, प्रशिक्षण, नॉलेज पार्टनरशिप संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर

8. चीन के राष्ट्रीय विकास तथा सुधार आयोग और नेपाल के अर्थ मंत्रालय के बीच डिजिटल इकॉनमी संबंधी सहकार्य तथा अभिवृद्धि के लिए समझौता

9. प्राकृतिक प्रकोप निबटने को लेकर चीन के तरफ से नेपाल को टेकनीकली सपोर्ट तथा इस संबंधित सामग्री अनुदान में देने पर हस्ताक्षर

10. प्राकृतिक आपदा को लेकर चीन के तरफ से रेगुलर ट्रेनिंग और ह्यूमन रिसोर्स एक्सचेंज संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर

11. नेपाल चीन सीमा पर उत्पादन तथा लिविंग मेटेरियल्स सर्टिफिकेट संबंधी समझौता

12. चीन के विज्ञान तथा प्रविधि मंत्रालय और नेपाल के शिक्षा, विज्ञान तथा प्रविधि मंत्रालय के बीच विज्ञान, प्रविधि तथा नए आविष्कार को लेकर चीन के तरफ से आर्थिक अनुदान तथा टेक्नीकल सपोर्ट संबंधी समझौता।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 27 सितंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

फास्ट न्यूज

## राजस्थान खेल युवा महोत्सव 1 अक्टूबर से होगा

**जयपुर:** राजस्थान युवा बोर्ड के अध्यक्ष सीताराम लांबा ने कहा कि राजस्थान खेल युवा महोत्सव 1 अक्टूबर से 3 अक्टूबर तक सवाई मानसिंह स्टेडियम में मनाया जाएगा। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य राज्य के प्रतिभाशाली युवा कलाकारों की खोज करना और उन्हें प्रशिक्षण एवं सुविधा देकर राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार करना है। लांबा मंगलवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में महोत्सव के उद्घाटन समारोह के संबंध में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। लांबा ने बताया कि एक अक्टूबर को समारोह के उद्घाटन के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने राजस्थान युवा बोर्ड का लोगो भी जारी किया। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जायेगा। 2 अक्टूबर को प्रसिद्ध गायक सुखविंदर सिंह अपनी प्रस्तुति देंगे। करीब 15 हजार युवा इस महोत्सव में भाग लेंगे। महोत्सव में नृत्य, वाद-विवाद, योग, मार्शल-आर्ट, चित्रकला आदि प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। लांबा ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में महोत्सव में भाग ले। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में विजेताओं को नकद पुरस्कार प्रमाण पत्र एवं कला रत्न पुरस्कार दिए जाएंगे। इस अवसर पर युवा मामले एवं खेल विभाग के उपाध्यक्ष सुशील पारीक, उप शासन सचिव सुन्दर लाल, सचिव राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद सोहन लाल चौधरी एवं सचिव राजस्थान युवा बोर्ड कैलाश चन्द पहाड़िया मौजूद रहें।

## दुनिया के बड़े आर्थिक प्लेयर के रूप में उभर रहा भारत : शेखावत

**जयपुर:** केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि भारत आर्थिक मोर्चे पर निरंतर प्रगति करते हुए नए आर्थिक प्लेयर के रूप में उभर रहा है। देश में विदेशी निवेश बढ़ रहा है। आधारभूत ढांचे में निवेश के कारण प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप में लाखों रोजगार सृजित हो रहा है। भारत प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है। शेखावत मंगलवार को केन्द्र सरकार की ओर से आयोजित रोजगार मेले को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था जिस गति से बढ़ रही है। उससे रोजगार का सृजन हो रहा है। हाईड्रोजन फ्यूल, स्पेस हो या मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग इन सेक्टरों में रोजगार मिल रहा है। शेखावत ने कहा कि देश में सरकार के अलावा भी रोजगार के अवसर नित्य प्रतिदिन मिले। देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के साथ देश में पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर प्रधानमंत्री ने देश में एक नए रोजगार सृजन की परिभाषा लिखी है। जिस दिशा में और जिस गति से भारत अब आगे बढ़ रहा है, एक तरफ विश्व उसे देखकर विस्मृत है, दूसरी तरफ भारत अब विकसित भारत बनेगा ये धीरे-धीरे पूरा विश्व स्वीकार करने लगा है। मेले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑनलाइन जुड़कर शिरकत की। मेले में देश भर में विभिन्न केन्द्रीय विभागों और मंत्रालयों में 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। शेखावत ने कहा कि युवाओं के सपनों को उड़ान देने के लिए सरकार ने मंच दिया। देश में एक लाख से ज्यादा स्टार्ट अप हैं।

# पत्र सूचना और केंद्रीय संचार ब्यूरो ने हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया









**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हिंदी** भाषा के विस्तार और प्रचार के लिए पत्र सूचना कार्यालय चंडीगढ और केंद्रीय संचार ब्यूरो चंडीगढ़ ने सम्मेलन कक्ष में हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया। राजभाषा विभाग चंडीगढ़ से सहायक निदेशक अरविंद कुमार और जानी मानी शिक्षिका धानेश्वरी शर्मा मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए।
पत्र सूचना कार्यालय व केंद्रीय संचार ब्यूरो चंडीगढ़ ने कई प्रतियोगिताएं करवाई जिसमें कार्यालय के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। पत्र सूचना कार्यालय चंडीगढ़ द्वारा आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान धर्म सिंह ने, द्वितीय स्थान दुर्गावती ने और तृतीय स्थान पवन कुमार ने हासिल किया। प्रोत्साहन पुरस्कार हिमांशी को व अन्य कर्मचारियों की श्रेणी में प्रथम दीपक को और द्वितीय स्थान रिंकू जी को प्राप्त हुआ। पत्र सूचना कार्यालय चंडीगढ़ द्वारा आयोजित हिंदी लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुधीर ने, द्वितीय स्थान धर्म सिंह ने और तृतीय स्थान पर पवन कुमार हासिल किया। साथ ही प्रोत्साहन पुरस्कार तनवीर खिलजी को दिया गया। अन्य कर्मचारियों की श्रेणी में प्रथम स्थान रिंकू जी को और द्वितीय स्थान दिनेश जी को। केंद्रीय संचार ब्यूरो चंडीगढ़ द्वारा आयोजित हिंदी लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान क्षेत्रीय प्रचार सहायक रूस ने, द्वितीय स्थान तकनीकी सहायक कमल रावत ने और तृतीय स्थान पर कार्यालय सहायक राम अकबाल हासिल किया। साथ ही प्रोत्साहन पुरस्कार बहुउद्देश्य कर्मचारी सचिन कुमार को दिया गया।
केंद्रीय संचार ब्यूरो चंडीगढ़ द्वारा आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान क्षेत्रीय प्रचार सहायक रूस ने, द्वितीय स्थान तकनीकी सहायक कमल रावत ने और तृतीय स्थान
बहुउद्देश्य कर्मचारी सचिन कुमार ने हासिल किया।
मुख्य अतिथि ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि हमें अंग्रेजी भाषा के जिन शब्दों का ज्ञान ना हो तो हम उन शब्दों को राजभाषा की वेबसाइट पर देख सकते हैं। साथ ही कार्यलय ज्यादा से ज्यादा काम हिंदी में करने के लिए प्रोत्साहित किया। अपर महानिदेशक महोदय राजिंद्र चौधरी ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमें कार्यलय में काम हिंदी में तो करना चाहिए लेकिन वो काम त्रुटिहीन हिंदी में हो उस पर भी ध्यान देना चाहिए। धन्यवाद प्रस्ताव पेश करते हुए निदेशक महोदय विवेक वैभव जी ने राजभाषा विभाग से आए अधिकारी और सभी प्रतिभागियों का कार्यक्रम में शामिल होने पर धन्यवाद किया। पत्र सूचना कार्यालय चंडीगढ में कार्यक्रम की रूपरेखा क्षेत्रिय प्रचार अधिकारी वाटिका चंद्रा ने की। मंच का संचालन सहायक निदेशक बलजीत सिंह ग्रेवाल ने किया। इस मौके पर पत्र सूचना कार्यालय चंडीगढ और केंद्रीय संचार ब्यूरो चंडीगढ़ के समस्त अधिकारीगण और कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## सीएम नीतीश ने विकास भवन का किया निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को विकास और विश्वेश्वरैया भवन का औचक निरीक्षण किया। नीतीश कुमार शिक्षा मंत्री चन्द्रशेखर, गन्ना उद्योग मंत्री आलोक कुमार मेहता, उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत के कार्यालय पहुंचे, जहां कोई भी मंत्री कार्यालय कक्ष में मौजूद नहीं था। हालांकि, मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री सुनील कुमार कार्यालय कक्ष में तुरंत ही पहुंचे थे। जब मुख्यमंत्री उनके कक्ष में खड़े थे तभी भवन निर्माण मंत्री ने कार्यालय में प्रवेश किए।
मुख्यमंत्री ने शिक्षा मंत्री को फोन लगवाया और पूछा कि अभी तक कार्यालय क्यों नहीं पहुंचे हैं। सभी को साढ़े नौ बजे तक कार्यालय पहुंचना है। मंत्रियों के समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी जताई। यही नहीं मुख्यमंत्री के निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग एवं पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, सहकारिता विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, कृषि एवं परिवहन विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल, स्वास्थ्य विभाग के सचिव संजय कुमार सिंह अपने कक्ष में नदारद मिले। शिक्षा विभाग के सचिव वैद्यनाथ यादव भी कार्यालय में नहीं थे। इन सभी की अनुपस्थिति पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी व्यक्त की। उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव संदीप पौण्ड्रिक, भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि अपने कार्यालय में उपस्थित थे। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक भी कक्ष में नहीं थे। वे

**लगाई फटकार**

**8 नदारद मिले मंत्री और सचिव, मंत्रियों के समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी जताई**




`केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत रोजगार मेले में युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए।

## क्रिप्टो करेंसी मार्केट में रौनक, बिटकॉइन-एथेरियम में उछाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**क्रिप्टो करेंसी मार्केट** में तेजी का रुख बना हुआ है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से सिर्फ 1 आभासी मुद्रा ही गिरावट के साथ रेड जोन में नजर आ रही है जबकि शेष 9 आभासी मुद्राएं आज बढ़त के साथ ग्रीन जोन में बनी हुई हैं। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन में भी आज तेजी का रुख बना हुआ है। इसके साथ ही आज क्रिप्टो मार्केट में बिटकॉइन की हिस्सेदारी भी बढ़ी है। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 0.54 प्रतिशत की तेजी के साथ 26,229.20 डॉलर यानी 21.85 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था।
इसी तरह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम की कीमत भी आज 1.11 प्रतिशत की मजबूती के साथ उछल कर 1,588.15 डॉलर के स्तर पर आ गई थी।

## विवाद से विश्वास-एक योजना में एमएसएमई के 256 करोड़ के दावे मंजूरी

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने विवाद समाधान योजना विवाद से विश्वास-एक के तहत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के 256 करोड़ रुपये के रिफंड से जुड़े 10 हजार से अधिक दावों को स्वीकार कर लिया है। इसकी शुरूआत सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल के जरिए की गई थी। वित्त मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों ने विवाद से विश्वास-एक योजना के तहत एमएसएमई के 10 हजार से ज्यादा दावों को स्वीकार कर लिया है।




## अशोक गहलोत वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये राऊज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय मंत्री गजेंद्र** सिंह शेखावत की ओर से दर्ज मानहानि मामले में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंगलवार को दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये पेश हुए। एडिशनल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने मामले की अगली सुनवाई 6 अक्टूबर को करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान अशोक गहलोत के अलावा आज इस मामले में शिकायतकर्ता गजेंद्र सिंह शेखावत वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये मौजूद थे। आज आज अशोक गहलोत की ओर से पेश वकील रमेश गुप्ता ने हाई कोर्ट में लंबित केस से जुड़े दस्तावेज रिकॉर्ड पर लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि उनकी मंशा मामले में देरी करने की कतई नहीं है। वे चाहते हैं कि अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 251 के तहत उन्हें सुना जाए। गहलोत के वकील रमेश गुप्ता ने 25 सितंबर को हाई कोर्ट में लंबित केस से जुड़े दस्तावेज पेश करने की मांग की थी।

सरकार को घेरा

### कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ से किए वादे नहीं किए पूरे: भाजपा

## भाजपा लाई 'कठघरे में कांग्रेस' आरोपपत्र




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) ने कांग्रेस के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार पर हमला बोला है। पार्टी ने छत्तीसगढ़ सरकार के खिलाफ कठघरे में कांग्रेस नाम से 400 पन्नों का आरोपपत्र (चार्जशीट) जारी किया है। भाजपा नेता संबित पात्रा ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि 5 राज्यों में चुनाव होने वाले हैं। कांग्रेस हमेशा की तरह झूठे वादे कर रही है। कांग्रेस को आईना दिखाने के लिए वे 400 पन्नों का आरोप पत्र लेकर आए हैं। राहुल गांधी के 316 वादे ऐसे हैं, जिन्हें छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने पूरा नहीं किया है। प्रधानमंत्री ने किसानों के लिए किसान सम्मान निधि योजना प्रारंभ की। छत्तीसगढ़ के लाखों किसान इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत हुए लेकिन राज्य सरकार ने उस सूची का सत्यापन नहीं किया। इसके कारण छत्तीसगढ़ के लाखों किसानों को सालाना 6 हजार रुपये नहीं मिल पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने नक्सलवाद को समाप्त करने का काम किया लेकिन नक्सलियों को बढ़ावा और नक्सलियों के माध्यम से भाजपा कार्यकताओं की हत्या भी छत्तीसगढ़ सरकार ने करवाई है। कांग्रेस सरकार नक्सलियों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है।